

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, गुरूवार | 26 सितम्बर 2024 | वर्ष : 02 | अंक : 134 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### महबूबा मुफ्ती के रोड शो के दौरान बिजली के खंभे में लगी आग, बदला गया रास्ता



एजेंसी

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के रोड शो के दौरान भारत माता चौक के पास सुपर बाजार रोड पर एक बिजली के खंभे में आग लग गई, जिसके बाद उनके रोड शो का मार्ग बदल दिया गया। बाद में आग बुझा दी गई और कोई हताहत नहीं हुआ। रोड शो के दौरान महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कश्मीर में भाजपा ने संसद से राजनीति चलाई है। जिन लोगों को वे जिताने में मदद करते हैं, उन्हें पैसे देते हैं और प्रशासन के जरिए उनका साथ देते हैं। जब उनकी रैलियों में आजादी और पाकिस्तान के नारे लगते हैं तो भाजपा वाले खुश हो जाते हैं ये सोचकर की कल ये जीतकर आएंगे और हमारी सरकार बनाने में मदद करेंगे नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में जारी विधानसभा चुनाव को देखने के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित करने के केंद्र के कदम की बुधवार को आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव भारत का अंदरूनी मामला है तथा हमें उनके प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है।

## हरियाणा में बोले पीएम मोदी, परिवारवाद से मुक्त हो रहा देश,

# कांग्रेस की टूटती जा रही उम्मीदें

**मोदी ने यह भी कहा कि आज जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण का मतदान भी हो रहा है। ये मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। लोग सुबह से ही वोट डालने के लिए कतारों में लग गए हैं।**

एजेंसी

**हरियाणा:** हरियाणा में चुनावी प्रचार तेज हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा के सोनीपत में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने हुंकार भरते हुए साफ तौर पर कहा कि हरियाणा है तैयार, फिर एक बार भाजपा सरकार। नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के शुरूआत में कहा कि सोनीपत की धरती से महान सपूत सर छोटू राम को प्रणाम करता हूं, उनका जीवन किसानों और वंचितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि आज 25 सितंबर, हमारे पथ प्रदर्शक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती है, गरीबों की सेवा के लिए उन्होंने जो रास्ता दिखाया वह हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए संकल्प पथ की तरह है।



मोदी ने यह भी कहा कि आज जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण का मतदान भी हो रहा है। ये मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। लोग सुबह से ही वोट डालने के लिए कतारों में लग गए हैं। पहले चरण में जिस तरह जम्मू कश्मीर में मतदान का रिकॉर्ड टूटा, वो भी दुनिया ने देखा। मैं जम्मू कश्मीर के लोगों की सराहना करूंगा, उन्हें बधाई दूंगा कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मतदान का दिन नजदीक आ रहा है, कांग्रेस की उम्मीदें टूटती जा रही हैं। हरियाणा में बीजेपी के प्रति समर्थन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरा हरियाणा कह रहा है 'फिर एक बार बीजेपी सरकार'। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार में हरियाणा आज खेती और उद्योग, दोनों मामलों में देश के टॉप राज्यों में अपनी जगह बना रहा है। जब औद्योगिकरण बढ़ता है, तो इसका सबसे अधिक फायदा गरीब, किसान और दलित को होता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर मानते थे कि दलितों के सशक्तिकरण में उद्योगों की बड़ी भूमिका होती है। वे देखते थे कि गरीबों, दलितों, वंचितों के पास पर्याप्त जमीन नहीं होती। बहुत से गरीब साथी भूमिहीन होते थे और मजदूरी करके अपनी जिंदगी काटते थे। इसलिए बाबा साहेब कहते थे कि जब फैक्ट्रियां लगती हैं, तब गरीबों, दलितों, वंचितों को अवसर मिलता है। वे इनसे ळ्ींूल्लू' ऱ्''२ सीखने को कहते थे।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा की नीति निर्णयों में, भाजपा के विचारों में आपको बाबा साहेब की यही सोच दिखाई देगी। दलित और वंचित समाज को उद्योगों में अवसर देकर ही सच्चा सशक्तिकरण संभव है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में पूरी दुनिया में भारत पर भरोसा बढ़ा है, विश्वास हुआ है कि अब भारत, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से मुक्त होकर तरक्की कर रहा है। दुनिया को लगता है कि आने वाले समय में कोई देश सबसे तेज आगे बढ़ेगा, तो वो भारत है। मोदी ने कहा कि आज दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश के लिए यहां अपनी फैक्ट्रियां लगाने के लिए आतुर हैं। जरा सोचिए, जब इतनी बड़ी कंपनियां भारत में निवेश करेंगी तो बहुत अधिक फायदा मेरे हरियाणा को होगा, यहां के नौजवानों व किसानों को होगा।गोहाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोहाना में जन आशीर्वाद रैली करके रोहतक, सोनीपत लोकसभा की 18 और पानीपत जिले की 4 विधानसभाओं सहित 22 सीटों को एक साथ साध गए। इस रैली से भाजपा "जाट लैंड" में सेंध लगाने में कामयाब रही। प्रधानमंत्री की रैली ने जीटी रोड बेल्ट के समीकरण बदल दिए हैं। इस रैली का असर सिर्फ 22 विधानसभाओं पर ही नहीं बल्कि प्रदेश की सभी विधानसभाओं में दिखने वाला है। रैली में जिस तरह नरेन्द्र मोदी ने दलितों पर अत्याचार, नौकरी बेचने, किसानों को लूटने, भ्रष्टाचार और धारा-370 के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा है, उससे हुड्डा और पूरी कांग्रेस पार्टी में खलबली मच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गोहाना रैली से समीकरण भाजपा के पक्ष में बनते हुए नजर आ रहे हैं। जाट लैंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली किस तरह हरियाणा की सियासत को पलट सकती है।

## TMC सांसद हाजी नुरुल इस्लाम का निधन, लीवर कैंसर से थे पीड़ित, ममता बनर्जी ने जताया दुख



एजेंसी

**पश्चिम बंगला:** बशीरहाट के सांसद हाजी नुरुल इस्लाम का निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे। जानकारी के मुताबिक वह लंबे समय से लीवर कैंसर से पीड़ित थे। बुधवार दोपहर को उनके घर पर उनका निधन हो गया। उनके निधन पर ममता बनर्जी ने दुख जताया है। ममता ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मेरे मूल्यवान सहयोगी, बशीरहाट के हमारे सांसद, हाजी एसके नुरुल इस्लाम के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। वह सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने पिछड़े क्षेत्र में गरीब लोगों के उत्थान के लिए कड़ी मेहनत की। बशीरहाट के लोग उनके नेतृत्व को याद करेंगे। मैं उनके परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।'नुरुल 2009 में पहली बार तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर बशीरहाट से सांसद बने। 2014 में जंगीपुर से उम्मीदवार खड़े हुए और हार गए। इसके बाद 2016 में उन्होंने बशीरहाट लोकसभा के तहत हरोआ विधानसभा सीट जीती। 2021 में फिर से हरवार विधायक बने। हाल ही में 2024 के लोकसभा चुनाव में बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भारी अंतर से जीतना - नुरुल के ताज में कई पंख लगे। 2016 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरोआ विधानसभा में तत्कालीन तृणमूल विधायक जुल्फिकार अली को टिकट न देकर नुरुल को उम्मीदवार बनाया था। 2011 में, नुरुल ने वह सीट केवल 1,200 वोटों से जीती और 43,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की।

**नुरुल 2009 में पहली बार तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर बशीरहाट से सांसद बने। 2014 में जंगीपुर से उम्मीदवार खड़े हुए और हार गए। इसके बाद 2016 में उन्होंने बशीरहाट लोकसभा के तहत हरोआ विधानसभा सीट जीती।**

## महा विकास आघाडी लाडकी बहिन योजना को अधिकार आधारित कार्यक्रम बनाएगा

एजेंसी

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) आगामी महाराष्ट्र चुनाव में सत्ता में आता है तो महिलाओं की लाडकी बहिन योजना को अधिकार आधारित कार्यक्रम में तब्दील करेगी। चव्हाण ने यहां आयोजित इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस (गठबंधन में) अधिकतम सीट की हकदार है क्योंकि इस साल के शुरूआत में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी ने एमवीए के



अन्य घटकों के मुकाबले सबसे अधिक सीट पर जीत दर्ज की है। चव्हाण ने कहा कि एमवीए में एक नेता की जरूरत नहीं है और विश्वास जताया कि अगाामी महाराष्ट्र विधानसभा में गठबंधन की जीत होगी। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक चुनाव अलग होता है और राजनीतिक दलों में अतिविश्वास नहीं होना चाहिए। चव्हाण से जब पूछा गया कि महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की मौजूदा महायुति सरकार की महत्वकांक्षी लाडकी बहिन योजना को क्या एमवीए के सत्ता में आने पर रद्द कर दिया जाएगा? तो उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने की योजना कांग्रेस का विचार है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में योजना लागू की गई है जहां पर महिलाओं को दो हजार (प्रति माह) रुपये मिल रहे हैं।

## बदला पुराङ्घफडणवीस के रिवॉल्वर थामे पोस्टर चस्पा, उद्धव गुट ने उठाए सवाल, कहा- आप से भी बड़े हो गए

एजेंसी

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बंदूक थामे हुए दिखाने वाले पोस्टर मुंबई में कई जगहों पर लगाए गए हैं। बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद ये पोस्टर लगाए गए हैं। होर्डिंग्स में लिखा है बदला पूरा और फडणवीस को बंदूक थामे दिखाया गया है। इन होर्डिंग्स पर किसी संगठन का नाम नहीं है। अब इस पोस्टर को लेकर बवाल मच गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना यूबीटी ने इसको लेकर सवाल उठाए हैं। बदलापुर



एनकाउंटर के बाद मुंबई में कई जगह होर्डिंग्स लगाए जाने पर यूबीटी नेता आनंद दुबे ने कहा कि मुंबई में कई जगहों पर होर्डिंग्स लगे हैं जिसमें देवेंद्र फडणवीस जो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री हैं उनके हाथों में पिस्टल है और बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा है, 'बदला पूरा।

## असम समझौते के खंड 6 के कार्यान्वयन पर उट हिमंता की बैठक, कहा- 52 सिफारिशों को लागू करने का प्रयास करेंगे

एजेंसी

**असम:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने असम समझौते के खंड 6 के कार्यान्वयन पर बैठक की अध्यक्षता की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज, हमने असम समझौते के खंड 6 के कार्यान्वयन के संबंध में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के साथ बातचीत की है। आज, हमने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिप्लब सरमा समिति की सिफारिशों का विश्लेषण किया है, जिन्हें विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा लागू किया जा सकता है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन सिफारिशों को बराक घाटी और साथ ही भारत के संविधान में 6 अनुसूची क्षेत्रों में उनकी



सहमति के बिना लागू नहीं किया जाएगा। सीएम हिमंता ने कहा कि हम केंद्र से अनुरोध करेंगे कि वह 15 सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए अअरव के साथ चर्चा करे जो केंद्र सरकार के दायरे में हैं। हम 52 सिफारिशों को लागू करने का प्रयास करेंगे। हम एक महीने के भीतर एक कार्य योजना तैयार करेंगे और 25 अक्टूबर को अअरव के साथ बैठक का दूसरा चरण होगा। हम अगले साल 15 अप्रैल तक समिति की 52 सिफारिशों को लागू करने का प्रयास करेंगे।

## दिल्ली भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल एवं कार्यकताओं ने बुलडोजर के आगे अड़ कर सुंदर नगर में डयूसिब एवं दिल्ली नगर निगम द्वारा झुग्गियों को तोड़ने से रोका

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल के नेतृत्व में आज नवीन शाहदरा जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी एवं झुग्गी प्रकोष्ठ संयोजक सुशील चौहान और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर पूर्वी दिल्ली की सुंदर नगरी में झुग्गियां तोड़ने के लिए आये दिल्ली सरकार के डयूसिब एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों का विरोध कर उन्हे झुग्गी बस्ती तोड़ने से रोका। दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल के नेतृत्व में कार्यकर्ता दिल्ली सरकार के बुलडोजर के सामने डट गये



और उनको हिलने नही दिया और झुग्गी क्लस्टर को तोड़ने की कार्यवाही को ना सिर्फ रोका बल्कि न्यायालय से झुग्गी तोड़ने का आदेश लाने में सहयोग भी किया।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि खेदपूर्ण है की अरविंद केजरीवाल ने जिस सुंदर नगरी से दिल्ली में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी आज उसी सुंदर नगरी पर उनकी सरकार बुलडोजर चलवा रही है। केजरीवाल ने पहले अपने राजनीतिक गुरू को, अपने प्रारंभिक साथियों को धोखा दिया और आज पहली राजनीतिक भूमी देने वाली सुंदर नगरी को भी धोखा दिया है। दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल के नेतृत्व में कार्यकर्ता दिल्ली सरकार के बुलडोजर के सामने डट गये और उनको हिलने नही दिया और झुग्गी क्लस्टर को तोड़ने की कार्यवाही को ना सिर्फ रोका बल्कि न्यायालय से झुग्गी तोड़ने का आदेश लाने में सहयोग भी किया।

## कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, मोदी सरकार इस दिशा में कर रही है बेहतरीन काम : भागीरथ चौधरी

एजेंसी


**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कळअफ में आयोजित "राष्ट्रीय कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान प्रबंधक सम्मेलन" में भाग लिया। इसके बाद केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में क्रॉपलाइफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री मंत्री अजुर्राम मेघवाल, कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित रहे।





कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हमारे जीवन का आधार भी है। 140 करोड़ देशवासियों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। किसान कृषि की आत्मा है और उसके प्राण भी हैं। इसलिए किसान कल्याण और कृषि के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य हो रहा है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने पहले महत्वपूर्ण निर्णय में 9.26 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत रुपये 21000 करोड़ की धनराशि जारी की।कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हमारे जीवन का आधार भी है।

## शंभू बॉर्डर बंद होने को लेकर बोले मनोहर लाल खट्टर, उस तरफ बैठे लोग किसान नहीं, वे व्यवस्था बिगाड़ना चाहते है



एजेंसी

**हरियाणा :** केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अंबाला शहर में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शंभू सीमा को बंद करना एक बड़ा मुद्दा है। खट्टर ने आरोप लगाया कि सीमा के दूसरी ओर किसान होने का दिखावा करने वाले व्यक्तियों का उद्देश्य व्यवस्था को बाधित करना और सरकार को अस्थिर करना है। अपने बयान में खट्टर ने कहा कि यह बड़ा मसला है। सीमा पर पंजाब का रास्ता बंद है। हमने इस रास्ते को खोलने की सारी योजना बना ली थी। लेकिन उस तरफ बैठे लोग किसान नहीं हैं। किसानों की आड़ में ये चंद लोग हैं जो व्यवस्था को बिगाड़ना चाहते हैं, सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। आप भी जानिए ये कौन हैं। खट्टर ने आगे कहा कि आज हरियाणा के लोग खुश हैं कि उन्होंने ऐसे लोगों को यहां पैर नहीं रखने दिया। खट्टर ने कहा कि मामला फिलहाल अदालत में है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति समाधान पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि मुद्दा जल्द ही सुलझ जाएगा। हालाँकि, पहले हुई अराजकता को देखते हुए, अदालत सीमा को फिर से खोलने से पहले कुछ शर्तें लगा सकती है। वहीं, मनोहर लाल खट्टर ने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजयी होगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में सरकार बनाएगी।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव: श्री माता वैष्णो देवी में 79%, पुंछ में 73% वोटिंग,

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर : जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम 7 बजे तक मतदान केंद्रों पर 54.11% मतदान दर्ज किया गया। आज सुबह 7 बजे शुरू हुए 26 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान बिना किसी हिंसा की घटना के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान वाले इन छह जिलों में दर्ज कुल मतदान प्रतिशत ने लोकसभा चुनाव 2024 में दर्ज मतदान प्रतिशत को भी पार कर लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने कहा कि सबसे अधिक मतदान प्रतिशत 79.95% श्री माता वैष्णो देवी, कटरा विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। रियासी जिले में जिसमें 3 विधानसभा क्षेत्र हैं और इसका मतदान प्रतिशत सबसे अधिक 74.14% रहा





है। पुंछ में 73.78%, राजौरी में 69.85%, गंदेरबल में 62.63% और बडगाम में 61.31% और श्रीनगर में 29.24% मतदान हुआ है, जहां कुछ मतदान केंद्रों पर अभी भी मतदान जारी है।मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है जिससे मुझे लगे कि पुनर्मतदान की आवश्यकता है। 3502 मतदान केंद्र थे और ऐसा कोई मतदान केंद्र नहीं है जहां मतदान प्रतिशत एकल अंकों में रहा हो... खासकर श्रीनगर में लोकसभा में जो मतदान प्रतिशत रहा आज उससे अधिक मतदान प्रतिशत रहा। लोकसभा चुनाव के दौरान श्रीनगर का मतदान प्रतिशत 24.83% था, हमने इस बार इसे 5% से अधिक कर दिया है।कई स्थानों पर उत्साह से भरे मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गयीं। ये लोग अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं समेत मतदाताओं ने मतदान के बाद स्याही लगी अंगुली गर्व से दिखायी। यह मतदान आतंकवादियों के बहिष्कार के आह्वान एवं धमकी के बीच हो रहा है। मतदान केन्द्रों पर माहौल उत्साहपूर्ण था। लोगों का उत्साह साफ झलक रहा था।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने विपरीत परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाकर कर्मयोगी के रूप में पहचान बनाई: विजय सिन्हा



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 25 सितंबर।आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के नेताओं ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए कहा, "पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों को अनुकूल बनाकर खुद को एक कर्मयोगी के रूप में स्थापित किया। उनका सपना था कि विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आज पूरा देश उनकी विचारधारा और मार्गदर्शन से प्रेरित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा, ह्लआज भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने लिए रोटी की व्यवस्था कर राजनीति कर रहा है और समाज की सेवा में लगा हुआ है। हमें पंडित जी से प्रेरणा लेकर समाज के हर कमजोर वर्ग के लिए काम करना चाहिए।विजय सिन्हा ने इस मौके पर यह भी कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन और सोच आज भी प्रासंगिक है। उनके विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी भाजपा सरकार कर रही है। "हमारी सरकार समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के लिए काम कर रही है, और यह पंडित जी के आदर्शों की ओर हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रनायक दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, और यह दिन हमारे लिए गर्व का दिन है।समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार, गरीबों को दिये मुफ्त राशन: सम्राट चौधरी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



25.09.2024 पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है।

श्री चौधरी ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रवर्तक दीनदयाल जी ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब आदमी की चिंता की इसलिए मोदी सरकार ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन, 10 करोड़ गरीब महिलाओं को मुफ्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन और पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ गरीबों को पक्का आवास देने की योजना लागू की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी हटाओ का नारा देकर बहुत लोग सत्ता में आते रहे, लेकिन दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने वाली भाजपा ने ही वास्तव में लोगों की गरीबी दूर की। बिहार में भाजपा-जदयू की सरकार ने केंद्रीय सहायता और सहयोग के बल पर 2.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया।

# 28 सितंबर से अंचल-प्रखंड पर भाकपा माले-खेग्रामस शुरू करेगी अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन- सुरेंद्र




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- सभी नल जलमिनार के अधूरे कार्य को पूरा कराकर पीएचडी के हवाले करे बीडीओ- सुरेंद्र प्रसाद सिंह
- 72 हजार से कम का आय प्रमाण-पत्र बनाने, भूमिहीनों को वासभूमि एवं आवास देने की मांग

महिलाओं के समूह का लोन माफ हो-मो० एजाज

ताजपुर/समस्तीपुर : 25 सितंबर 2024 जमा किये गये फार्म पर गरीबों को 72 हजार से कम का आय प्रमाण-पत्र बनाने, भूमिहीनों को वासभूमि, कच्चा मकान वाले को पक्का मकान देने, सरकारी जमीन पर बसे को पर्चा, महिलाओं के समूह का लोन माफ करने, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने एवं 2 सौ यूनिट बिजली फ्री देने, वृद्धावस्था, मोसमाती एवं दिव्यांग पेंशन 4 हजार रूपए करने, राशन में दाल-तेल-चीनी आदि शामिल करने, मनरेगा में लूट-भ्रष्टाचार बंद करने आदि मांगों को लेकर भाकपा माले एवं खेग्रामस 28 सितंबर से ताजपुर अंचल-प्रखंड पर अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन करेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि उक्त आंदोलन की लिखित जानकारी का आवेदन अनुमंडलाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा पदाधिकारी आदि को दे दिया गया है। माले नेता ने बताया कि आय प्रमाण-पत्र, भूमि एवं आवास से संबंधित 548 फार्म भरकर 22 अगस्त को जमा किया गया था लेकिन आज तक प्रमाण-पत्र बनाना शुरू नहीं किया गया है। भूमि एवं आवास का फार्म भी पेंडिंग है। यह जनविरोधी कदम है और इसके खिलाफ भाकपा माले एवं खेग्रामस धारावाहिक आंदोलन चलाएगी। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में प्रभात रंजन गुप्ता, मो० एजाज, मो क्यूम, मो० जाबीर, मो० शकील आदि शामिल थे

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की काव्यकृति कुरुक्षेत्रका किया गया नाट्य मंचन



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सारण, छपरा 25 सितंबर, 202 कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सौजन्य से मंगलवार को श्री भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह छपरा में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की काव्यकृति कुरुक्षेत्र का नाट्य मंचन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद महराजगंज श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, माननीय विधायक छपरा डॉ सी एन गुप्ता, महापौर छपरा नगर निगम, जिला परिषद सदस्य श्रीमती जयमित्रा देवी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर नाट्य मंचन का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी आदि भी उपस्थित थे।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पटना के राजेंद्रनगर मंडल के सदस्यता महाअभियान में हुए शामिल, वृक्षारोपण किया

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- हमारा विजन राजनीति तक सीमित नहीं, पर्यावरण संरक्षण भी हमारी प्रतिबद्धता : डॉ. दिलीप जायसवाल
- सामाजिक समानता और समावेशी विकास का समर्थक रही है भाजपा : डॉ. दिलीप जायसवाल



पटना, 25 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज पटना में कुम्हरार विधानसभा के राजेंद्र नगर मंडल के बूथ संख्या 49 और 50 पर श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर सदस्यता महाअभियान में शामिल होकर माता-बहनों और बुजुर्गों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र के निवासियों ने पार्टी की सदस्यता ली और समावेशी विकास और प्रगति की दिशा में भाजपा के प्रयासों का समर्थन किया।डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में राजनीतिक भागीदारी और सामुदायिक योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से पार्टी का आधार और मजबूत होगा और समाज के सभी वर्गों तक भाजपा का संदेश पहुंचेगा। सदस्यता अभियान के साथ-साथ डॉ. जायसवाल ने राजेंद्रनगर के जुब्बा सहनी पार्क में वृक्षारोपण अभियान का भी नेतृत्व किया तथा पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दशार्या। उन्होंने कहा, "हमारा विजन केवल राजनीति तक सीमित नहीं है। हम पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर स्थानीय नेताओं, पार्टी कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पार्टी के एजेंडे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने समर्थन का इजहार किया। वृक्षारोपण अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग तक पहुँचने और सामाजिक समानता, विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान सही अर्थों में राष्ट्रवाद को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात को देखते हुए पौधारोपण करना आवश्यक हो गया है, अन्यथा भविष्य में हालात भयावह होंगे। उन्होंने वृक्षरोपण करने पर जोर दिया।इस अवसर पर विधायक अरुण सिन्हा, विधायक संजीव चौरसिया, जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार, प्रदेश मीडिया विभाग के संयोजक दानिश इकबाल, सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, सुनिल सेवक आशुतोष शंकर सहित कई पार्टी के अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार स्टूडेंट काक्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना व्यापक प्रसार-प्रसार एवं काउंसलिंग



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देशक अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट काक्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना व्यापक प्रसार - प्रसार एवं काउंसलिंग कार्य के.भी.ऐस .कॉलेज उच्चैठ मधुबनी में किया गया। कार्यक्रम में लग-भाग 100से अधिक छात्र/छत्राओ ने भाग लिया। मुकेश कुमार (सहायक प्रबंधक), (रहड)घनश्याम झा (रहड) मनोज कुमार (रहड) के द्वारा विस्तार से योजना के लाभ सहित आवेदन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। उक्त जानकारी डीआरसीसी प्रबंधक, अखिलेश कुमार भारती ने दी।

# जिलाधिकारी द्वारा खेल एवं कला संस्कृति के कार्यों की की गई समीक्षा

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- खेलो इंडिया के तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय में सिंथेटिक ट्रैक का हो रहा निर्माण
- खेलो इंडिया के तहत जेपी यूनिवर्सिटी में लाइटिंग सुविधा युक्त सिंथेटिक हॉकी टर्फ एवं फुटबॉल मैदान तथा छपरा क्लब में स्विमिंग पूल के निर्माण हेतु भेजा जाएगा प्रस्ताव :- जिलाधिकारी



सारण, छपरा 25 सितंबर, 2024 जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा आज खेल विभाग एवं कला संस्कृति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी है। विजेता प्रतिभागियों को संबंधित खेल विधा के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निर्धारित आयोजन स्थल पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के तहत वुशू (बालिका) एवं हैंडबॉल (बालक) की प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए सारण जिला का चयन किया गया है। खेलो इंडिया के तहत खेलकूद के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 9 लेन के सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने खेलो इंडिया के तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय में ही लाइटिंग सुविधा युक्त सिंथेटिक हॉकी टर्फ तथा फुटबॉल मैदान के निर्माण एवं छपरा क्लब में स्विमिंग पूल के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने राजेंद्र स्टेडियम के आसपास से अतिक्रमण हटाने हेतु कार्रवाई का निर्देश दिया। स्टेडियम के पास एक स्पोर्ट्स हॉस्टल के निर्माण हेतु भी प्रस्ताव तैयार कर खेल विभाग को भेजा जाएगा। राज्य सरकार द्वारा सभी पंचायत में खेल मैदान के विकास हेतु कवायत की जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी पंचायत में खेल मैदान के विकास हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हित करने को कहा। साथ ही प्रत्येक नगर पंचायत/निकाय में भी उपयुक्त खेल मैदान चिन्हित करने का निदेश दिया। कला संस्कृति की समीक्षा के क्रम में जिला कला संस्कृति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा विभिन्न विधाओं के स्थानीय कलाकारों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसके लिए विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त कर संकलित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक विभिन्न विधाओं से संबंधित 187 कलाकारों द्वारा आवेदन समर्पित किया गया है। जिलाधिकारी ने सारण जिला के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से ऐसे स्थलों की पहचान कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# कुख्यात 04 अपराधकर्मियों को अवैध अग्नेयास्त्र एवं जिंदा कारतूस के साथ घटना कारित करने के पूर्व अपराधिक षड्यंत्र करते हुए किया गया गिरफ्तार।

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**



समस्तीपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी समस्तीपुर पुलिस के विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर कुख्यात 04 अपराधकर्मियों को अवैध अग्नेयास्त्र एवं जिंदा कारतूस के साथ घटना कारित करने के पूर्व अपराधिक षड्यंत्र करते हुए किया गया गिरफ्तार।

घटना का विवरण- सभी अपराधकर्मी दूसरे जिला के पेशेवर गिरोह के है। जिस गिरोह के द्वारा उजियारपुर थाना अर्न्तगत 12 लूट एवं सरायरंजन थाना अर्न्तगत 04 लूट की घटना तथा वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा जिला में कई लूट के घटना को अंजाम दिया गया है। श्री अशोक मिश्रा, (भा०पु०से०) पुलिस अधीक्षक महोदय, समस्तीपुर के द्वारा पदस्थापन के पश्चात पूर्व की घटना के संवेदनशीलता को देखते हुए संगठित पेशेवर गिरोह के पदार्फाश करने एवं घटना के सफल उ?मेदन तथा गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 समस्तीपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तकनीकी / मानवीय आसूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।आज दिनांक-25.09.2024 की रात्रि में तकनीकी / मानवीय आसूचना के आधार पर सूचना प्राप्त हुआ कि सरायरंजन थाना अर्न्तगत छज्जा चौक के पास उक्त गिरोह के 04 व्यक्ति होण्डा एवं 03 व्यक्ति स्कॉर्पियों से अवैध अग्नेयास्त्र के साथ एकत्रित है,

# कल्याणपुर थानान्तर्गत हुए गोली कांड का सफल उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त एक अपराधी को 24 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार एवं अन्य की गिरफ्तारी हेतू छापामारी की जा रही है।



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई दिनांक-23.09.24 को रात्री में कल्याणपुर थानान्तर्गत हुए गोली कांड का सफल उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त एक अपराधी को 24 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार एवं अन्य की गिरफ्तारी हेतू छापामारी की जा रही है।

दिनांक-23.09.24 को रात्री करीब 09:10 बजे सुनील कुमार चौधरी जो अपना दवा दुकान बंद कर घर जाने वाले ही थे कि (1) गाँधी कुमार चौधरी, पिता राम किशोर चौधरी (2) हरिश्चन्द्र सहनी पिता-अशेश्वर सहनी दोनो सा० भागीरथपुर, थाना-कल्याणपुर जिला-समस्तीपुर एवं तीन अन्य अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारने की घटना कारित की गई थी। उससे संबंधित कल्याणपुर थाना कांड सं0-252/24, दिनांक-25.09.2024 धारा-308(3)/308(4)/115(2)/126 (2) आर्म्स एक्ट जख्मी का पत्नी रूमा चौधरी के बयान पर दर्ज किया गया है। गिफ्तार अपराधकर्मी का नाम/पताः- 1. हरिशचन्द्र सहनी पिता असेश्वर सहनी ग्राम भागीरथपुर वार्ड-07, थाना-कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर बरामदगीः-

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने पंडौल प्रखंड के मुकरम पंचायत के महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने पंडौल प्रखंड के मुकरम पंचायत के महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का किया निरीक्षण।

ग्रामीणों से सरकार की चल रही योजनाओं के संबंध में लिया फीड बैक।

- डीएम के निर्देश पर जिले के 60 अधिकारियों ने अपने-अपने निर्धारित पंचायतों में पहुँचकर चल रही विकास योजनाओं का किया जाँच।



. जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पंडौल प्रखंड के मुकरम पंचायत में पहुँचकर महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मुकरम पंचायत के माहदलित टोला वार्ड नंबर 2 में पहुँचकर नल-जल योजना, पीडीएस दुकान, संपर्क पथ, मनरेगा योजना, आवास योजना आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिया कि शत प्रतिशत घरों में नल जल योजना से जलापूर्ति सुनिश्चित करवाये। जिन घरो में कनेक्शन नही हुआ है उन घरों में भी कनेक्शन करे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि छुटे हुए पीडीएस लाभुकों का राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करवाये। उन्होंने प्रतिभा देवी की पीडीएस दुकान के स्टॉक का भौतिक निरीक्षण किया, जो सही पाया गया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से भी सरकार की योजनाओं के संबंध में फीड बैक भी लिया। ग्रामीणों द्वारा स्टेट बोरिंग की मरम्मती की बात बताए जाने पर जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारी को शीघ्र मरम्मती करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा योजना अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कुछ पौधे जो सुख गए उनके स्थान पर नए पौधे लगवाना सुनिश्चित करे, साथ ही इसकी अच्छी तरह से देख-भाल करे। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा प्राप्त फीड बैक के आधार पर कई सड़को की जांच किया और उन्हें अविलम्ब मरम्मती का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत में लगी सोलर लाइट का भी जाँच किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शेष सभी वार्डो में सोलर लाइट लगाने के कार्य को पूर्ण करे, साथ ही इसका नियमित निरीक्षण करे ताकि किसी भी प्रकार की खराबी आने पर कार्यकारी एजेंसी के माध्यम से इसे ससमय ठीक करवाया जा सके। आज जिलेवके 60 से भी अधिक पदाधिकारियों ने अपने निर्धारित पंचायतों में पहुँचकर चल रही विकास योजनाओं का जाँच किया एवं जिला मुख्यालय में अपनी रिपोर्ट सौपी।

# बाबूबरही प्रखंड के सर्रा गांव निवासी सबसे बड़े नटवरलाल अपहरण, सहित विभिन्न मामलों के आरोपी मनोज झा का भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ वायरल फोटो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**




राष्ट्रीय जनता दल मधुबनी के जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय ने मधुबनी जिला के बाबूबरही प्रखंड के सर्रा गांव निवासी सबसे बड़े नटवरलाल अपहरण, सहित विभिन्न मामलों के आरोपी मनोज झा का भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ वायरल फोटो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है। की ये जांच का सवाल बन रहा है। की पुलिस के मुताबिक मनोज एक राष्ट्रीय स्तर का ठग है जिसके खिलाफ कई राज्यों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। एसपी सुशील कुमार ने खुद प्रेस को बताया है। कि मनोज झा पर बाबूबरही थाने में ललित राम नाम के व्यक्ति का अपहरण करने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने का मामला दर्ज था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कई सिम कार्ड हासिल करता था और उनके जरिए लोगों के साथ ठगी करना, पुलिस ने इस मामले में एक और प्राथमिकी दर्ज की है। इतना ही नहीं मनोज के खिलाफ अलग-अलग राज्यों के थानों में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इनमें से आधा दर्जन मामले तो सिर्फ बाबूबरही थाने में ही दर्ज हैं। मनोज के खिलाफ चंडीगढ़ सेक्टर 17, समराला लुधियाना, अंबाला थाना, शिवाजी नगर गुरुग्राम, पार्लियामेंट स्ट्रीट थाना, नगर थाना दरभंगा, लहरियासराय थाना दरभंगा तथा नगर थाना मधुबनी सहित अन्य थानों में भी मामले दर्ज हैं। ये अब जांच का सवाल बन रहा है। की मनोज झा और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच क्या संबंध है। बिना राजनीतिक संरक्षण का मनोज झा जैसे लोग इतने घटना के बाद भी बचा कैसे रहा है। और इनको बचाने वाले लोग कौन है। ये बात फोटो आने के बाद साफ हो चुका है। की भाजपा का नीव ही भ्रष्टाचार और अराजक तत्वों के संरक्षण से बचा हुआ है।

# डॉ भीम सिंह के नेतृत्व में नागेश्वर कॉलोनी में चला भाजपा का सदस्यता अभियान

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

पटनाः 25/9/24: बिहार भाजपा उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह के नेतृत्व में आज पटना महानगर के गौतम बुद्ध मंडल अन्तर्गत नागेश्वर कॉलोनी में ढोल बाजे के साथ भाजपा का सघन सदस्यता अभियान चलाया गया. इस क्रम में भाजपा कार्यकर्ता ढोल बजाते विभिन्न अपार्टमेंट्स में गए और उन्हें भाजपा सदस्य बनकर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का अनुरोध किया. कार्यकताओं ने सदस्य बनने के अनुरोध वाले पर्चे बांटे तथा दूकानों/दीवारों पर २३ृ ी१ भी साटे.डॉ भीम सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली. क्योंकि नागेश्वर कॉलोनी में अनेक गर्ल्स हास्टल हैं इसलिए सदस्यता लेने वालों में युवतियों की संख्या भी अच्छी खासी रही.इस अभियान में डॉ सिंह के अलावा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अमृता भूषण, वार्ड पार्षद जीत कुमार चन्द्रवंशी, जेपी उँल्लश्िं५ंल्लश्ं, मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार लूलन, अभिषेक बंटी, मोहित मिश्र, राजेश कुमार, सुधीर सिन्हा, राजकिशोर बबलू, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, रंजन कुमार उँ आदि मंडल के सभी कार्यकताओं ने भी भाग लिया.बिहार में तीसरे फेज के चुनाव के ठीक पहले जेडीयू को बड़ा झटका लगा है। नीतीश कुमार की सरकार में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री रहे और जेडीयू के वरिष्ठ नेता भीम सिंह बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पटना के बीजेपी ऑफिस में पार्टी की मेंबरशिप ली।भीम सिंह ने सीएम नीतीश कुमार पर गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश अहंकारी व्यक्ति हैं। वो किसी की बातों को नहीं सुनते। पूर्व मंत्री ने कहा कि नीतीश के कहने पर ही वे जेडीयू में शामिल हुए थे। लेकिन उनके अहंकार ने मुझे पार्टी छोड़ने पर मजबूर कर दिया। भीम सिंह ने कहा कि चुनाव में एनडीए की जीत तय है।नीतीश ने लगातार पिछड़ों को ठगने का काम किया है, जिसका परिणाम उन्हें चुनाव में भुगतना पड़ेगा। बीजेपी प्रदेश प्रेसिडेंट मंगल पांडेय ने भीम सिंह के शामिल होने पर कहा कि उन्होंने नैतिकता का ख्याल रख कर बीजेपी को ज्वाइन किया है। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि भीम सिंह के आने के बाद से जेडीयू में कोई भी नेता नहीं बचा, जो चंद्रवंशी समाज की नुमाइंदगी कर सके। उन्होने कहा कि भीम सिंह की वेदना ने यह दर्शा दिया है कि सरकार सही मायनों में किस तरह से पिछड़ों और अति पिछड़ों को ठग रही है।

कौन हैं भीम सिंह

भीम सिंह अति पिछड़े चंद्रवंशी समाज से आते हैं। उन्होंने पूर्व सीएम कपुर्री ठाकुर पर किताब भी लिखी है। विधान परिषद के सदस्य भीम सिंह नीतीश सरकार में ग्रामीण कार्य और उद्योग मंत्री रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के समर्थन में वह नीतीश सरकार से अलग हुए थे। हालांकि वे मांझी की हम पार्टी में शामिल नहीं हुए थे। अब जाकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# मो0 समून को कराटे में गोल्ड जिला के युवाओं में कराटे में गोल्ड की चर्चा



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

आज जिले के खेलप्रेमियों के लिए खुशी एवं उत्साह की खबर आई जब नगर निगम, मधुबनी के वार्ड संख्या पांच के रहने वाले मोहम्मद समून ने बांका में दिनांक 21 से 23 सितंबर 2024 तक आयोजित हुए कराटे (अंडर 17 बालक) प्रतियोगिता के 58 किलोग्राम भारवर्ग में आयोजित इवेंट के फाइनल में पटना को पांच शून्य से हराकर स्वर्ण पदक हासिल करने में सफलता पाई।इस इवेंट से पहले उन्होंने मधेपुरा को तीन एक से और दरभंगा को आठ एक से शिकस्त दी थी। इनकी माता शहजादी खातून व इनके पिता मोहम्मद मकसूद आलम और दादा अब्दुल अजीज ने इसे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए खुशी का लम्हा बताया। इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए जिला खेल पदाधिकारी, नीतीश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन मधुबनी जिले में सदैव खेल को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयासरत है और मोहम्मद समून की उपलब्धि से न केवल दूसरे स्कूली बच्चों बल्कि सभी नौजवानों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने इसके लिए उनके कोच और मधुबनी जिला कराटे संघ के सचिव, अरुण कुमार चौधरी के साथ साथ रमाप्रसाद जनता उच्च विद्यालय, जितवारपुर के सभी शिक्षकों को बधाई दी है।

# जमुई-चकाई मुख्य मार्ग के बटिया जंगल में हादसा



**जमुई** । चकाई मुख्य मार्ग के बटिया जंगल में अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सेबयजोर गांव निवासी बहादुर मिस्त्री के 32 वर्षीय बेटे पिंटू विश्वकर्मा के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि रविवार की रात बटिया थाना अध्यक्ष नीतू कुमारी को सूचना मिली कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो बटिया जंगल में एक बाइक सवार युवक का शव पड़ा था। जबकि पास में ही बाइक भी पड़ी थी। मृतक को एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं एंबुलेंस चालक मिथुन कुमार ने बताया कि बटिया थाने की पुलिस के द्वारा फोन कर बुलाया गया था। सड़क पर पड़े एक युवक को एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल लाया गया। मृतक के पिता बहादुर मिस्त्री ने बताया कि उसका पुत्र पिंटू रविवार को अपने निजी काम के सिलसिले में वह चकाई गया था। जब वह रात को अपने घर लौट रहा था तो अज्ञात वाहन ने बटिया जंगल में कुचल दिया। बटिया थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने पूरी घटना की जानकारी उन्हें फोनकर दिया और सदर अस्पताल एंबुलेंस से भेजने की बात कही। जब वह सदर अस्पताल पहुंचा तो देखा कि उसका पुत्र मृत पड़ा है।

बटिया थाना अध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हुई है। शव को सदर अस्पताल भेज पूरे मामले की जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई भी की जा रही है।

# पिंडदान के लिए 4 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंच चुके

## फल्गु नदी के तट देवघाट पर जुटे पिंडदानी, हर दिन लोगों की बढ़ती जा रही संख्या



**गया।** जी धाम में तीर्थयात्रियों की हर दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। इस भीड़ में आम के साथ-साथ खास भी हैं। सभी अपने पूर्वजों को जन्म-मरण से मुक्ति और उनके मोक्ष के निमित पिंडदान के विधि विधान को सम्पन्न कराने में जुटे हैं। जिला प्रशासन की माने तो अबतक 4 लाख से अधिक तीर्थ यात्री गया जी आ चुके हैं। उनके आने और जाने का क्रम हर दिन बना हुआ है। तीर्थ यात्री आगामी बुधवार तक विष्णुपद मन्दिर से जुड़ी पिंडवेदियों पर पूर्वजों के निमित पिंडदान करेंगे। विष्णुपद से जुड़े पिंडवेदियों पर पिंडदान का विधान पंचमी तिथि से शुरू है जो अष्टमी तक चलेगा। इस बीच पिंडदानियों द्वारा अलग अलग दिन कुल मिलाकर 19 पिंड वेदियों पर पिंडदान करेंगे। इस दौरान त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वालों के अलावा तीन दिनों तक का श्राद्ध करने वालों की भीड़ देखने को मिलेगी।

सोमवार सुबह से ही कार्तिकपद, दक्षणाग्निपद, गार्हपत्याग्निपद, आह्यवियाग्नि पद वेदियों पर पिंडदान करने की भीड़ लग रही है। यह सभी वेदी विष्णुपद मन्दिर परिसर के अंदर ही स्थित हैं। इन स्थानों पर पिंडदान करने के बाद पिंडदानी भगवान श्री हरि विष्णु के गर्भगृह में विष्णुचरण का दर्शन करेंगे। इसके अलावा सोमवार को आने वाले पिंडदानी फल्गु नदी के तट देवघाट में पिंडदान करने में जुटे हैं। खास बात यह भी गया जी में उमस भरी गर्मी बखूबी इन दिनों पड़ रही है। इसकी वजह पिंडदानी थोड़े बेदम हैं। गौरतलब है कि पिंडदान करने के लिए बड़ी संख्या में या तो बुजुर्ग होते हैं या फिर अधेड़। गर्मी व उपवास की वजह से कई तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सम्बन्धित दिक्कत भी हो रही है। हालांकि विष्णुपद मन्दिर परिसर के निकट ही स्वास्थ्य शिविर होने की वजह से उन्हें तत्काल उपचार भी मिल जा रहा है। विष्णुपद प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष शम्भू लाल बिट्ठल का कहना है कि तीर्थ यात्रियों की संख्या प्रति दिन बढ़ रही है।

# सुदूर गांव के लोग सर्वे-लेखागार कार्यालय का लगा रहे चक्कर



**दरभंगा।** राज्य सरकार ने जमीन की सर्वे करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के कारण यह प्रक्रिया आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। हालात यह है कि सुदूर गांव से लोग हर रोज सर्वे व लेखागार कार्यालय का चक्कर लगा रहें है। जिला मुख्यालय अभिलेखागार कार्यालय में रोज सैकड़ों की संख्या में खतियान लेने के लिए किसानों की भीड़ देखी जा रही है। जिला मुख्यालय अभिलेखागार कार्यालय से प्रत्येक दिन सिर्फ सी खतियान ही बांटे जा रहे हैं। जबकि खतियान लेने के लिए प्रत्येक दिन 1200 से 2000 के बीच चिरकूट फाइल किया जा रहा है।बताया जाता है कि ऑनलाइन सिस्टम कमजोर होने की वजह से भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि सर्वे करना सरकार की अच्छी पहल है, लेकिन इसके लिए सरकार को पहले तैयारी करनी चाहिए थी। बगैर किसी तैयारी के सर्वे करने की घोषणा कर दी गई और सर्वे का कार्य जैसे ही प्रारंभ हुआ, किसानों को कागजात इकट्ठा करने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिक से अधिक खतियान का वितरण की कोशिश जिला अभिलेखागार कार्यालय के प्रधान लिपिक ने बताया कि यहां खतियान के लिए सैकड़ों किसानों की भीड़ इकट्ठा हो रही है। कोशिश की जा रही है अधिक से अधिक खतियान का वितरण किया जाए, लेकिन 100 खतियान से ज्यादा वितरण नहीं हो पा रहा है। प्रत्येक दिन भीड़ बढ़ते ही जा रही है। अभिलेखागार में कुछ मौजा का खतियान कटे-फटे होने की वजह परेशानी हो रही है। वैसे किसानों को चकबंदी कार्यालय में भेजा जा रहा है। उहापोह की स्थिति बनी हुई अभिलेखागार प्रभारी पदाधिकारी सह डीपीआरओ पंचायत प्रशांत कुमार ने कहा कि इन दिनों अभिलेखागार में प्रत्येक दिन 1500 से 2000 के बीच रिकॉर्ड की खोजबीन के लिए चिरकुट फाइल हो रहा है।

# मां को मंत्री बनाना था,इतना पैसा पेपर लीक से आता

# संजीव मुखिया के बेटे डॉ. शिव का खुलासा; कहा- पापा प्रिंटिंग प्रेस की रेकी करते





**पटना।** सिपाही पेपर लीक मामले में अब तक की सबसे बड़ी गिरफ्तारी संजीव मुखिया के बेटे डॉ. शिव कुमार उर्फ बिट्टू की हुई है। वह पटना के PMCH में 2015-2021 बैच का डॉक्टर है। शिव के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर लिया है। चार्जशीट में शिव ने जो बयान दिया है, वो चौंकाने वाले हैं।

शिव ने बताया कि उसने ये सब अपनी मां ममता देवी के लिए किया है। उसने कहा कि उसकी मां ममता देवी ने साल 2020 में लोजपा के टिकट पर हरनौत से विधानसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं। उस चुनाव में करीब 5 करोड़ खर्च हुए थे।

उसने कहा, 'मेरा लक्ष्य मां को लोकसभा चुनाव जीता कर मंत्री बनाना है। चुनाव में काफी पैसा खर्च होता है। इतना पैसा पेपर लीक कराकर ही कमाया जा सकता है।' शिव ने कहा कि उसके पिता संजीव मुखिया भी इनसब में शामिल है। क्वेश्चन पेपर छापने का ठेका कोलकाता के कालटेक्स प्रिंटिंग प्रेस को दिया गया है। इस बात की जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद के अधिकारियों ने ही दी थी। चार्जशीट में शिव ने कहा कि उसके पिता को पता रहता है कि किस परीक्षा को कौन-सा आयोग आयोजित करवा रहा है। इसके बाद उसके पिता आयोग के कर्मी या अधिकारी से मिलकर प्रिंटिंग प्रेस के बारे में जानकारी हासिल कर लेते हैं। इसके बाद प्रिंटिंग प्रेस, उसके कर्मियों और अधिकारियों की रेकी की जाती है।

यहीं से क्वेश्चन पेपर का ट्रांसपोर्टेशन करने वाली कंपनी के बारे में जानकारी हासिल होती है। ढुलाई के दौरान गाड़ी को रोककर उसका सील लॉक तोड़ा जाता है और पेपर का फोटो खींच लिया जाता है। फिर गाड़ी में दूसरा सील लॉक लगा दिया जाता हैजांच में खुलासा हुआ कि संजीव मुखिया परीक्षा माफियाओं का अंतरराज्यीय गिरोह चलता है। उसके गिरोह में बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बंगाल,ओडिशा, राजस्थान और मध्यप्रदेश के जालसाज शामिल हैं। इन राज्यों में जैसे ही बहाली का कोई विज्ञापन आता है, गिरोह पेपर लीक कराने में जुट जाता है।

डॉ. शुभम मंडल, विक्की कुमार, सुमित, प्रदीप, रवि अत्री, अभिषेक केसरी, मनीष, अतुल वत्स, अश्विनी रंजन, विशाल चौरसिया, सुचिंद्र पासवान, सोनू चेसी, अजीत चौहान, अजय चौहान, अमित भारती, डॉ. मनीष, संजय प्रभात, साहिल सिंह, विकास, अमन, सुमन, डॉ.. पिंटू सिंह, अखिलेश, बबलू भूमिहार गिरोह के मुख्य आदमी हैं।

संजीव के नेपाल में छिपे होने का शक

संजीव मुखिया की गिरफ्तारी को लेकर एजेंसियां लगातार छापेमारी कर रही हैं। कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि वो नेपाल में छिपा है। इसके बाद टीम उसकी तलाश में नेपाल पहुंची, लेकिन वो वहां नहीं मिला, लेकिन जानकारी के मुताबिक, संजीव मुखिया अभी नेपाल में ही है।

सिपाही भर्ती परीक्षा एक अक्टूबर 2023 को हुई थी। शिक्षक भर्ती परीक्षा 15 मार्च 2024 को थी और नीट यूजी की परीक्षा एक मई 2024 को थी। तीनों ही परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया। जांच में यह बात सामने आ चुकी है कि तीनों परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया है। हालांकि, सिपाही भर्ती परीक्षा लीक के बाद उसे रद्द कर दिया गया था।

# शंकराचार्य बोले- हिंदुओं का वोट लेकर उन्हीं के साथ धोखा

## लखनऊ में कहा- योगी सीएम, फिर भी यूपी सबसे ज्यादा गौ मांस एक्सपोर्ट कर रहा



**लखनऊ।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती सोमवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कहा- हिंदुओं का वोट लेकर हिंदुओं के साथ धोखा हो रहा है। देश में न राष्ट्रपति हिंदू हैं न प्रधानमंत्री हिंदू हैं। अगर ये हिंदू होते तो एक भी गाय की हत्या नहीं होती। शंकराचार्य ने कहा- गौ हत्या बंद करने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा। इसके लिए ही मैं मठ छोड़कर निकला हूं। यह देखकर आश्चर्य होता है कि यूपी के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ हैं। इसके बाद भी यूपी सबसे ज्यादा गौ मांस का निर्यात कर रहा है। मेरी यात्रा का विरोध सबसे पहले बीजेपी ने ही किया, इससे आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा- मैं सभी प्रदेशों की यात्रा करूंगा गौ-ध्वज फहराऊंगा। सरकार को हर हाल में गौ रक्षा का कानून बनाना होगा। मैंने रामलला के सामने भी यही संकल्प लिया है, कि जब तक कानून नहीं बन जाता, तब तक दर्शन नहीं करूंगा।लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 'गौ-ध्वज स्थापना भारत यात्रा' विषय पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- जब इस समय एक देश, एक कानून। एक देश, एक चुनाव की बात हो रही है, तो गौ माता को लेकर हर प्रदेश में अलग-अलग कानून क्यों बनाए गए? हमारी इस यात्रा का सबसे पहला विरोध भारतीय जनता पार्टी की तरफ से हुआ। नगालैंड में हमें रोक दिया गया, लेकिन हम नगालैंड जाएंगे। यह बीजेपी का दोहरा चरित्र है, जिससे मैं आश्चर्यचकित हूं। शंकराचार्य किसी पार्टी के नहीं होते। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते, कि गाय खाना हमारा अधिकार है। अगर ऐसा कहते हैं, तो वे अपने शरिया वाले देश में चले जाएं। हमारे यहां पहला स्थान गाय को दिया जाता हैशंकराचार्य ने कहा-देश में न राष्ट्रपति हिंदू हैं न प्रधानमंत्री हिंदू हैं। अगर ये हिंदू होते तो एक भी गाय की हत्या नहीं होती। भारत की पहचान मंदिर है, यहां की संकृति में सबसे बड़ा सम्मान गाय का है। हमारे यहां पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती है। हमारे यहां पहला स्थान गाय को दिया जाता है। भारतीय संस्कृति को नष्ट करने के लिए गायों की जान ली जा रही।

## मेंहदावल में अतिक्रमणकारियों ने सड़कों पर किया कब्जा



**संतकबीरनगर।** के मेंहदावल कस्बे की सड़कों पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया। सड़क के दोनों किनारों पर अस्थायी दुकानें हैं। जिससे कस्बे की खूबसूरती तो बिगड़ी ही है।
साथ ही लोगों की दिक्कत भी बढ़ गई हैं। नगर पंचायत और तहसील मुख्यालय होने के बावजूद अतिक्रमण की यह समस्या थमने का नाम नहीं ले रही। कस्बे के अंजहिया बाजार से लेकर रोडवेज तक, और बारह खाल से चौक बाजार तक, हर तरफ अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। ये अस्थायी दुकानें सड़कों के दोनों किनारों पर जम चुकी हैं, जिससे यातायात अव्यवस्थित हो गया है। सड़कों पर गाड़ियां तो दिखती हैं, पर अतिक्रमण की वजह से कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## उत्पादकता व चीनी परता बढ़ाने के ज्ञान वृद्धि में सहायक होगी ओपी गुप्ता की पुस्तक

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश गन्ना किसनो संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र - पिपराईच - गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक व कसया तहसील क्षेत्र के बकनहा निवासी ओम प्रकाश गुप्ता ने अपनी लिखी पुस्तक में दावा किया है कि प्रशिक्षण सत्र 2023 - 24 में पूर्वांचल के 12 जिलों के 25 हजार किसानों को प्रशिक्षित किया गया।अवकाशप्राप्त सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने अपनी लिखी पुस्तक 'मेरा गन्ना महान' में गन्ने की उन्नत खेती, सह फसली खेती, प्रशिक्षण को लेकर उपयोगी और ज्ञानवर्धक जानकारी दी है। पुस्तक में कृषक अध्ययन यात्रा कार्यक्रम में देश के प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यो महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, करनाल, हरियाणा,




बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, आदि राज्यो के गन्ना अनुसंधान संस्थानो, कोयम्बटूर गन्ना प्रजनन संस्थान बी.एस.आई. पूना संस्थान में हुए प्रशिक्षणों का उल्लेख है। जिसमें शोध प्रक्षेत्र, नवीनतम शोध तकनीक प्राप्त करने की जानकारी। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण लेकर गन्ने की उत्पादकता बढाने, चीनी परता में वृद्धि करने, कृषको की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पुस्तक लिखा गया है। जो गन्ना विकास कर्मचारियों, अधिकारियों, चीनी मिल के गन्ना विकस कर्मचारियों, अधिकरियों कृषि छात्रों तथा गन्ना कृषको के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी। सहायक निदेशक गुप्ता को प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, करनाल - हरियाणा, मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर महोत्सव, पथरदेवा देवरिया जिला मे जिला स्तरीय गोष्ठी में सम्मानित किया गया। श्री गुप्ता को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग शोध संस्थान कृषि संस्थानो मे भ्रमण एवं प्रशिक्षण का विशेष अनुभव है। पूर्वांचल के 12 जिलो में प्रशिक्षण देते है। प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में 25 हजार को प्रशिक्षित किए गए हैं।

## सदस्यता अभियान के लक्ष्य को हासिल करें कार्यकर्ता: विधायक सुरेंद्र कुशवाहा



**संवाददाता**
**कुशीनगर।** स्थानीय नगर पंचायत के सभागार में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के प्राप्ति पर जोर दिया गया।
बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल की मूल पूंजी उसके कार्यकर्ता और उनकी सदस्य संख्या होती है। पार्टी ने सभी बूथों पर कम से कम दो सौ लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने का लक्ष्य रखा है। जिसे हम सभी को पूरा करना है। लोग पार्टी सदस्यता लेने को आतुर हैं। केवल हमें उनके पास पहुंचना है। ऐसा कर लेते हैं तो हम अपना लक्ष्य जरूर पूरा कर लेंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने अब तक हुए सदस्य संख्या पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी को अपने दायित्व के प्रति सजग होने की आवश्यकता है। जिससे हम सदस्यता में प्रदेश में एक नम्बर पर पहुंचा सकें। बैठक को पूर्व विधायक शशि शर्मा,जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, रामबृक्ष गिरि,खादी ग्रामोद्योग के पंकज पांडेय,पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, डा.कन्हैया शर्मा, डा.डीएन कुशवाहा, महेन्द्र उपाध्याय आदि ने संबोधित किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष गणश्रीनिवास राय, शेषनाथ मिश्रा, महेंद्र शर्मा, मुकुल तिवारी, राणाप्राताप मिश्रा, नंदकिशोर पाण्डेय,कुंवर सुभाष सिंह, दुर्गेश सिंह, अनिल जायसवाल, अमलेश तिवारी, विभूति गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा से बड़ा कोई परोपकार नहीं: सीएमडी रेड हिल्स ग्रुप आलमगीर अंसारी



**कुशीनगर।** किसी इंसान को कामयाब होने के लिए सिर्फ दौलत की जरूरत नही होती है कुछ कामयाबी ऐसी होती है जो बिना दौलत के कमाई जाती है जिला कुशीनगर रहने वाले रेड हिल्स ग्रुप सीएमडी आलमगीर अंसारी उन चुनिंदा लोगो मे से एक है जो इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश अपनी कार्यशैली से लाखों दिलो पर राज कर रहे हैं। आइये जानते है वरिष्ठ रेड हिल्स ग्रुप समाजसेवी सीएमडी आलमगीर अंसारी का क्या कहना है कैसे वो इस मुकाम पर पहुंचे। जहाँ बड़े बड़े धनवान नही पहुंच पाते हैं। रेड हिल्स ग्रुप श्री अंसारी का कहना है कि दूसरों के प्रति निःस्वार्थ सेवा का भाव रखना ही जीवन में कामयाबी का मूलमंत्र है। निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा से किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है। हमें अपने आचरण में सदैव सेवा का भाव निहित रखना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हुए कामयाबी के मार्ग पर अग्रसर हो सकें। सेवारत व्यक्ति सर्वप्रथम अपने, फिर अपने सहकर्मियों व अपने सेवायोजक के प्रति ईमानदार हो। इन स्तरों पर सेवा भाव में आई कमी मनुष्य को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाती है। सेवा भाव ही मनुष्य की पहचान बनाती है और उसकी मेहनत चमकाती है। सेवाभाव हमारे लिए आत्मसंतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतः उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है। जैसे गुलाब को उपदेश देने की जरूरत नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। ठीक इसी तरह खूबसूरत लोग हमेशा दयावान नहीं होते लेकिन दयावान लोग हमेशा खूबसूरत होते हैं, यह सर्वविदित है। सामाजिक, आर्थिक। सभी रूपों में सेवा भाव की अपनी अलग- अलग महत्ता है। बिना सेवा भाव के किसी भी पुनीत कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। सेवा भाव के जरिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के साथ ही आम लोगों को भी उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। असल में सेवा भाव आपसी सद्भाव का वाहक बनता है। जब हम एक-दूसरे के प्रति सेवा भाव रखते हैं तब आपसी द्वेष की भावना स्वतः समाप्त हो जाती है और हम सभी मिलकर कामयाबी के पथ पर अग्रसर होते हैं। सेवा से बड़ा कोई परोपकार इस विश्व में नहीं है, जिसे मानव सहजता से अपने जीवन में अंगीकार कर सकता है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर हमारे अंतिम सेवा काल तक सेवा ही एक मात्र ऐसा आभूषण है, जो हमारे जीवन को सार्थक सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। बिना सेवा भाव विकसित किए मनुष्य जीवन को सफल नहीं बना सकता। हम सभी को चाहिए कि सेवा के इस महत्व को समझें व दूसरों को भी इस ओर जागरूक करने की पहल करें। तभी हम असल मे एक कामयाब इंसान बन सकते है।

## बुजुर्ग का शव पड़ा रहा, गाड़ियां गुजरती रहीं




**बस्ती।** के हरैर्या थाना क्षेत्र के भदावल चौराहे पर एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन का पहिया बुजुर्ग के सिर पर चढ़ गया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर घंटों शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। इस बीच पुलिस काफी परेशान दिखी। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सोमवार सुबह की है। एक अज्ञात वाहन ने लगभग 62 वर्षीय व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच बुजुर्ग का शव काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। सड़क से सैकड़ों वाहन गुजरते रहे। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और चौकड़ी एनएचएआई को दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। 72 घंटे बाद होगा अंतिम संस्कार पुलिस लोगों की मदद से शव का शिनाख्त करने प्रयास करती रही, लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक हरैर्या तहसीलदार सिंह ने बताया कि शव के शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया गया, लेकिन नहीं हो सका है, ऐसे में शव का पंचनामा कराकर 72 घंटे के लिए पीएम हॉउस में रखवा दिया गया है, जिसके बाद शव का लावारिश में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## शिविर में हुई 250 सफाई मित्रों की जांच, इओ अंकिता शुक्ला ने दिए स्वच्छता के संदेश

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** स्वच्छता ही सेवा - 2024 के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वछता पखवाड़ा के तहत नगरपालिका परिषद कुशीनगर के परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर नगर वासियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी और 250 सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें स्वच्छ रहने की सलाह दी गयी।
सोमवार को नपाप कुशीनगर द्वारा आयोजित शिविर में आवास, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गयी। जिला पूर्ति कार्यालय से अरविंद कुमार ने राशनकार्ड, डूडा से सूरज तिवारी ने आवास की जानकारी दी। सफाई मित्रों को दवा वितरित करते हुए नपा अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल ने सफाई



कर्मियों के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए स्वच्छता पर ध्यान दें। नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ नगर से ही प्रदूषण मुक्त वातावरण विकसित होगा। इसलिए सफाई के प्रति हम लोगों को जागरूक करें। नगर की अधिशाषी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखने के लिए सफाई मित्रों का स्वच्छ होना जरूरी है। जब आप खुद स्वच्छ होंगे तो नगर स्वच्छ होगा। सीएचसी कसया से आये चिकित्सा दल में शामिल डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ सावित्री सिंह, डॉ पल्लवी सिंह, फिजियोथेरिपिस्ट वीरेंद्र शर्मा, एएनएम मीरा दुबे ने सफाई मित्रो की जांच कर दवा वितरित की। स्वच्छता प्रभारी श्रवण तिवारी ने संचालन करते हुए सफाई मित्रों को स्वस्थ्य रहने के टिप्स दिए। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र यादव, उग्रसेन कुमार, मुस्तफा अंसारी, साकेत गोंविन्द राव, विजय यादव, राजकुमार, अमन, रवि, पाण्डेय, संजय सिंह, देवेंदु गौतम, समर मद्धेशिया, अनिल शर्मा, सिराजुद्दीन, नवनीत श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव सहित जिलापूर्ति विभाग, डूडा आदि विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### रामपुर तटंबंध के पास दलदल में फंसी गायें



**बस्ती।** के कुदरहा विकास क्षेत्र के कलवारी रामपुर तटंबंध के दलदल में 10 गाय फंस गईं। सभी गाय 3 दिन से फंसी हुई बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर 3 गायों को दलदल से निकाल लिया। लेकिन अभी भी 7 गायें दलदल में फंसी हैं। जिन्हें निकालने के लिए ग्रामीण जद्दोजहद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ये गाय सरयू नदी के तलहटी में सैकड़ों की संख्या में रहती हैं। पिछले तीन दिनों से लगभग 10 गाय बंधे के दक्षिण दलदल में फंसी थी। गायों को तीन दिन से तड़पता देख उनसे से रहा नहीं गया और सोमवार को उन्होंने दलदल में उतरकर गायों को बचाने का कार्य शुरू किया। बड़ी मशक्कत के बाद तीन गायों को दलदल से बाहर निकाल लिया गया। जबकि अन्य गाय अभी भी दलदल में फंसी हुई है। गायों के बिगड़ैल व जंगली होने के चलते ग्रामीणों को इन्हें दलदल से निकालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जो गाय अभी भी फंसी हुई है। मंगलवार को उनको बचाने का प्रयास किया जाएगा। गायों को बचाने में मटियरिया निवासी विनोद यादव, जितेश यादव, गोपाल यादव, अखिलेश, पिपरपाती निवासी राम आशीष यादव, दिलीप यादव आदि ग्रामीण शामिल रहे।

### रूधौली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रूधौली।** में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने फीता काटकर इस शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में सर्जन डॉ. राजेश पटेल, डॉ. संजय चौधरी, डॉ. देवेंद्र कुमार और डॉ. भावना गुप्ता ने मरीजों की जांच की। डॉक्टरों ने मरीजों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया और बदलते मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। बुखार और खांसी की समस्या पर जल्द जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आयुष्मान कार्ड का वितरण शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाएं दी गईं और आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया, जिससे अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में जिला मंत्री अखंड प्रताप, वरिष्ठ नेता विजय कुमार राजू, जिला मंत्री राम उग्रह जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुजीत सोनी और चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक स्वेतांग तिवारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रवि किशन बोले-पत्नी के बर्थडे पर महादेव ने दिया गिफ्ट



**गोरखपुर।** फिल्म 'लापता लेडीज' को ऑस्कर अवॉर्ड-2025 के फॉरेन कैटेगरी में भारत की तरफ से ऑफिशियल एंट्री मिली है। फिल्म में आगरा के रहने वाले एक्टर स्पर्श श्रीवास्तव ने दीपक और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने इंस्पेक्टर श्याम मनोहर का रोल निभाया है। रवि किशन ने कहा- आज मेरी पत्नी प्रीति किशन का बर्थडे है। महादेव ने मुझे गिफ्ट के तौर पर इतना बड़ा प्रसाद दिया है। मैं बहुत खुश हूं। यकीन ही नहीं हो रहा कि मेरे 34 साल के करियर में मेरी पहली कोई फिल्म ऑस्कर में गई है। नेशनल अवार्ड में हमारी एक भोजपुरी फिल्म 'कब होई गौना हमार' गई थी। यह फिल्म सुपर स्टार मनोज बाजपेयी के साथ थी।
वहीं, स्पर्श श्रीवास्तव ने कहा- यह मेरे और लापता लेडीज की पूरी टीम के लिए एक भावनात्मक क्षण है। मैंने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन जाहनु बरुआ ने बताया- फॉरेन फिल्म कैटेगरी में 29 फिल्में रेस में थीं। इनमें विक्की कौशल की 'सैम बहादुर', रणबीर कपूर की 'एनिमल' और कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैम्पियन' प्रमुख थीं। 13 सदस्यों की ज्यूरी ने 'लापता लेडीज' को चुना। 97वें ऑस्कर अवॉर्ड नॉमिनेशन 17 जनवरी 2025 को अनाउंस किए जाएंगे। 2 मार्च 2025 को ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी होगी। लापता लेडीज आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी इस फिल्म को किरण राव ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में रवि किशन के अलावा स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा और नितांशी गोयल ने मुख्य भूमिका निभाई है।रवि किशन ने कहा- मेरी फिल्म ऑस्कर में जाएगी, मुझे बिल्कुल भी विश्वास नहीं था। इसके लिए मैं पूरा क्रेडिट किरण राव को देना चाहूंगा। आमिर खान साहब को देना चाहता हूं। फिल्म के राइटर्स को देना चाहता हूं और मेरे साथी कलाकारों को देना चाहता हूं। क्योंकि, सभी की मेहनत रंग लाई। भारत की फिल्म, भारत मूल की फिल्म, भारतीय परिवेश की फिल्म, भारत में 80 प्रतिशत हिस्सा गांव है, वो अब पूरा विश्व देखेगा। रवि किशन ने कहा- अब दुनिया देखेगी कि क्यों यह नया भारत, आत्मनिर्भर भारत, बेटियों वाला भारत जो आज पूरे विश्व में चर्चा में है। वो आज कैसे आगे आ रहा है। इसका कारण क्या है, यह फिल्म इसी बात को दिखाती है। आत्मनिर्भर भारत में एक बेटी कैसे अपनों के लिए लड़ती है। यह चीज मुझे काफी टच की। फिल्म में मैं एक पुलिस अफसर की भूमिका में हूं, जो करप्ट रहता है। लेकिन, मेरे अंदर एक मानव इंसानियत भी रहती है। आज ऑस्कर में मेरी फिल्म जाने पर मैं बहुत ज्यादा खुश हूं। रवि किशन ने कहा- जब मैं इस फिल्म का प्रमोशन कर रहा था, उस वक्त कभी मैंने सोचा नहीं था कि यह फिल्म ऑस्कर के लिए जाएगी। हां, इतना जरूर पता था कि फिल्म हिट होगी, नेशनल अवॉर्ड के लिए जाएगी, इतना भरोसा था। लेकिन, इतनी बड़ी कामयाबी मिलेगी, यह सच में मैंने नहीं सोचा था। मेरी मांग है कि इस फिल्म को टैक्स फ्री करके पूरे देश को दोबारा देखने का मौका देना चाहिए। बहुत कम बनती हैं ऐसी फिल्में रवि किशन ने कहा- ऐसी फिल्म बहुत कम बनती हैं, जो दिल की छू जाती हैं। ऐसी फिल्मों से बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। जिससे वह कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती हैं। आपके सपनों की हत्या नहीं होनी चाहिए। यह फिल्म बहुत सारी चीजों की सीख देती है। यह फिल्म अपने आप में ही एक किताब है। जो लोग अपने आप में निराश होते हैं, जो भी सोचते हैं, बेटी है। टूट जाते हैं, उन लोगों के लिए सीख है।



# पितरों की आत्मा की शांति के लिए करें मात्र एक ही उपाय

आश्विन माह के प्रथम दिवस 17 सितंबर से श्राद्धपक्ष प्रारंभ हो गए जिन्हें 16 श्राद्ध कहा जाता है। इस दिन पितरों की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान के अलावा कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। आओ जानते हैं कि कौनसा एकमात्र उपाय करने से पितरों को मिलेगी शंाति और पितृदोष होगा दूर।

## पितृ शांति के लिए उपाय

- नियमित रूप से 16 दिन तक गौ माता को घी मिली आटे की लोइयां बनाकर खिलाएं और उनकी पूजा और सेवा करें। हो सके तो हरा चारा खिलाएं।
- यदि उपरोक्त कार्य नहीं कर सकते हो तो श्राद्ध पक्ष में जब भी मंगलवार आए तो उस दिन हनुमान मंदिर जाकर के बजरंगबली को चोला चढ़ाएं और उनसे पितरों की मुक्ति एवं शांति की कामना करें।
- पंचबली कर्म – इसके अलावा आप चाहें तो पंचबलि कर्म भी कर सकते हो। किस भी श्राद्ध तिथि में पंचबलि कर्म अर्थात गाय, कौवे, कुत्ते, चींटी और देवताओं को अन्न जल अर्पित करना चाहिए। ब्राह्मण भोज कराना चाहिए।

## शुभ मुहूर्त

श्राद्धपक्ष में यदि आप पितरों के निमित्त, तर्पण, पिंडदान, पूजा आदि अनुष्ठान कर रहे हैं तो शास्त्रों के अनुसार कुतुप काल मुहूर्त में यह कर्म करें। शास्त्रों के अनुसार कुतुप, रोहिणी, मध्याह्न और अभिजीत काल में श्राद्ध करना चाहिए। यही श्राद्ध करने का सही समय है।

## क्या है कुतुप काल

कुतुप काल दिन के 11.30 बजे से 12.30 के मध्य का समय होता है। वैसे कुतुप बेला दिन का आठवां मुहुर्त होता है। पाप का शमन करने के कारण इसे कुतुप कहा गया है।

# इन 5 स्थानों पर रखें श्राद्ध का आहार

'श्राद्ध' शब्द 'श्रद्धा' से बना है यानी अपने पूर्वजों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करना। श्राद्ध न करने वाले दलील देते हैं कि जो मर गया है उसके निमित्त कुछ करने का औचित्य नहीं है। यह ठीक नहीं है, क्योंकि संकल्प से किए गए कर्म जीव चाहे जिस योनि में हो, उस तक पहुंचता है तथा वह तृप्त होता है। यहां तक कि ब्रह्मा से लेकर घास तक तृप्त होते हैं। श्राद्ध करने का अधिकार सर्वप्रथम पुत्र को है तथा क्रमशः पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र, दौहित्र, पत्नी, भाई, भतीजा, पिता, माता, पुत्रवधू, बहन, भानजा तथा सगौत्री कहे गए हैं। इनमें ज्यादा या सभी करें तो भी फल प्राप्ति सभी को होती है।

श्राद्ध में ब्राह्मण भोजन तथा पंचबलि कर्म किया जाता है। पंचबलि में गाय, कुत्ता और कौवा के साथ 5 स्थानों पर भोजन रखा जाता है। वे हैं–

**प्रथम गौ बलि**– घर से पश्चिम दिशा में गाय को महुआ या पलाश के पत्तों पर गाय को भोजन कराया जाता है तथा गाय को 'गौभ्यो नमः' कहकर प्रणाम किया जाता है। गौ देशी होना चाहिए।

**द्वितीय श्वान बलि**– पत्ते पर भोजन रखकर कुत्ते को भोजन कराया जाता है।

**तृतीय काक बलि**– कौओं को छत पर या भूमि पर रखकर उनको बुलाया जाता है जिससे वे भोजन करें।

**चतुर्थ देवादि बलि**– पत्तों पर देवताओं को बलि घर में दी जाती है। बाद में वह उठाकर घर से बाहर रख दी जाती है।

**पंचम पिपलिकादि बलि**– चींटी, कीड़े–मकौड़ों आदि के लिए जहां उनके बिल हों, वहां चूरा कर भोजन डाला जाता है।

श्राद्ध करने का आदर्श समय : मध्याह्न 1130 से 1230 तक है जिसे 'कुतप बेला' कहा जाता है। इसका बड़ा महत्व है।





# तरक्की में बाधा बन सकता है पितृ दोष

## जान लें मुक्ति के उपाय

**सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है। पितरों के प्रसन्न होने पर जीवन में सुख-समृद्धि आती है लेकिन इसके विपरीत पितरों के नाराज होने पर व्यक्ति को कई तरह की समस्याएं घेर लेती हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि पितृ दोष होने पर व्यक्ति को क्या संकेत मिलते हैं और इससे किस प्रकार मुक्ति पाई जा सकती है।**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से पितृपक्ष की शुरुआत मानी जाती है, वहीं इसका समापन आश्विन माह की अमावस्या तिथि पर होता है। ऐसे में इस साल पितृपक्ष की शुरुआत 17 सितंबर 2024 से हो चुकी है, जिसका समापन बुधवार, 02 अक्टूबर को होगा। वहीं पितृ पक्ष की समाप्ति पर यानी 02 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है।

### मिलते हैं ये संकेत

यदि आपके घर में पितृ दोष लग गया है तो व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगती। पितृ दोष होने के कारण व्यक्ति की तरक्की भी रुक जाती है। साथ ही कारोबार में भी नुकसान होने लगता है। इतना ही नहीं एक के बाद एक दुर्घटनाएं होने लगती हैं। यह सभी संकेत पितृ दोष होने की तरफ इशारा करते हैं।

### ऐसे पाएं मुक्ति

पितृदोष से मुक्ति के लिए पितृपक्ष की अवधि को सबसे उत्तम माना गया है। ऐसे में आपको पितृ दोष से मुक्ति के लिए पितृ पक्ष में उनका तर्पण, पिंडदान, और श्राद्ध कर्म जरूर करने चाहिए। इसके साथ ही पितरों के निमित्त भोजन और जल निकालें व पितरों का आह्वान कर, उन्हें ये सभी सामग्री अर्पित कर दें। इससे पितरों की नाराजगी दूर हो सकती है।

### पितृ होंगे प्रसन्न

पितृ पक्ष में पीपल के पेड़ की पूजा जरूर करनी चाहिए। मान्यताओं के अनुसार, पीपल के वृक्ष में पितरों का वास होता है। ऐसे में पितृपक्ष के दौरान सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं। इसके बाद पीपल के पेड़ में जल अर्पित करें और सात बार परिक्रमा करें। साथ ही वृक्ष के नीचे काले तिल डालकर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और पितरों का स्मरण करें। इस उपाय से पितृ प्रसन्न होते हैं।


### इस दिशा में जलाएं दीपक

पितृपक्ष के दौरान आपको पितरों के नाम का दीया जरूर जलाना चाहिए। पौराणिक मान्यता के अनुसार, दक्षिण दिशा पितरों की दिशा मानी जाती है। ऐसे में पितृपक्ष में रोजाना इस दिशा में पितरों के नाम का दीपक जरूर जलाएं। साथ ही पितृ दोष से मुक्ति के लिए जल में काले तिल डालकर दक्षिण दिशा की ओर अर्घ्य देना चाहिए।

# 16 दिनों में न भूलें ये बातें पितरों का करें सम्मान

**श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त घर में क्या कर्म करना चाहिए। यह जिज्ञासा सहजतावश अनेक व्यक्तियों में रहती है। यदि हम किसी भी तीर्थ स्थान, किसी भी पवित्र नदी, किसी भी पवित्र संगम पर नहीं जा पा रहे हैं तो निम्नांकित सरल एवं संक्षिप्त कर्म घर पर ही अवश्य कर लें :**

- प्रतिदिन खीर (अर्थात दूध में पकाए हुए चावल में शक्कर एवं सुगंधित द्रव्य जैसे इलायची, केसर मिलाकर तैयार की गई सामग्री को खीर कहते हैं) बनाकर तैयार कर लें।
- गाय के गोबर के कंडे को जलाकर पूर्ण प्रज्वलित कर लें।
- उक्त प्रज्वलित कंडे को शुद्ध स्थान में किसी बर्तन में रखकर, खीर से तीन आहुति दे दें।
- इसके नजदीक (पास में ही) जल का भरा हुआ एक गिलास रख दें अथवा लोटा रख दें।
- इस द्रव्य को अगले दिन किसी वृक्ष की जड़ में डाल दें।
- भोजन में से सर्वप्रथम गाय, काले कुत्ते और कौए के लिए ग्रास अलग से निकालकर उन्हें खिला दें। इसके पश्चात ब्राह्मण को भोजन कराएं फिर स्वयं भोजन ग्रहण करें। पश्चात ब्राह्मणों को यथायोग्य दक्षिणा दें।





# क्या हैं श्राद्धकर्ता व श्राद्धभोक्ता के लिए शास्त्र के निर्देश

श्राद्ध पक्ष में सभी सनातनधर्मी अपने पितरों के निमित्त श्राद्धकर्म करते हैं। सनातन धर्म के सभी अनुयायियों को अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। श्राद्ध के दो मुख्य अंग हैं– 1. पिण्डान 2. ब्राह्मण भोजन। हमारे शास्त्रों में श्राद्ध करने वाले (श्राद्धकर्ता) और श्राद्ध में भोजन करने वाले ब्राह्मण (श्राद्धभोक्ता) के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। आइए जानते हैं क्या हैं वे नियम–

## श्राद्धकर्ता के लिए नियम

शास्त्रानुसार श्राद्धकर्ता को श्राद्ध वाले दिन निम्न नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना ही चाहिए–

- पूर्णरूपेण सात्विक मनोदशा रखें।
- पान इत्यादि भक्षण ना करें।
- तेल मालिश, दाढ़ी, केशकर्तन इत्यादि ना कराए।
- स्त्री के साथ सहवास ना करें।
- किसी दूसरे के घर अथवा बाहर भोजन ना करें।

## श्राद्धभोक्ता के लिए नियम

शास्त्रानुसार श्राद्धभोक्ता को श्राद्ध वाले दिन निम्न नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना ही चाहिए–

- श्राद्धभोज करने के उपरांत उसी दिन दूसरे घर में दोबारा श्राद्धभोजन ना करें।
- लम्बी यात्रा ना करें।
- श्राद्धभोज वाले दिन दान ना दें।
- स्त्री के साथ सहवास ना करें।
- भोजन करते समय मौन रहकर भोजन करें।

# श्राद्ध किस जगह करें और किस जगह नहीं करें


भाद्रपद की पूर्णिमा से अश्विन माह की अमावस्य तक श्राद्ध पक्ष चलता है जिसे पितृपक्ष भी कहते हैं। यदि आप इस दौरान अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान करने जा रहे हैं तो यह भी जान लें कि शास्त्रों के अनुसार किस जगह श्राद्ध करना चाहिए और किस जगह पर नहीं। यदि अनुचित जगह पर श्राद्ध किया तो उसका फल नहीं मिलता है।

## पितृपक्ष में कहां श्राद्ध करना चाहिए?

- **घर पर** : श्राद्ध आप अपने घर में भी कर सकते हैं। दक्षिण में मुख करके श्राद्ध किया जाता है।
- **तट पर** : किसी पवित्र नदी, नदी संगम, समुद्र में गिरने वाली नदियों के तट पर उचित समय में विधि–विधान से श्राद्ध किया जा सकता है।
- **बरगद के नीचे** : पवित्र वट–वृक्ष के नीचे भी श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- **तीर्थ क्षेत्र** : शास्त्रों में उल्लेखित किसी तीर्थ क्षेत्र में भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **समुद्र तट पर** : समुद्र के तट पर भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **गोशाला** : जहां बैल न हों ऐसी गौशाला में भी उचित स्थान को गोबर से लिपकर शुद्ध करके श्राद्ध किया जा सकता है।
- **पर्वत पर** : पवित्र पर्वत शिखर पर भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **जंगल में** : वनों में उचित स्थान, स्वच्छ और मनोहर भूमि पर भी विधिपूर्वक श्राद्ध किया जा सकता है।

## पितृपक्ष में कहां पर श्राद्ध नहीं करना चाहिए?

- **दूसरों की भूमि पर** : किसी की पर्सनल भूमि पर श्राद्ध नहीं करते हैं। भूमि सार्वजनिक होना चाहिए। अगर दूसरे के गृह या भूमि पर श्राद्ध करना पड़े तो किराया या दक्षिणा भूस्वामी को दे देना चाहिए।
- **अपवित्र भूमि** : किसी भी प्रकार से अपवित्र हो रही भूमि पर भी श्राद्ध नहीं करते हैं।
- **शमशान में** : किसी ऐसे शमशान में श्राद्ध नहीं कर सकते हैं जिसे तीर्थ नहीं माना जाता।
- **देव स्थान पर** : किसी मंदिर के अंदर या देवस्थान पर भी श्राद्ध कर्म नहीं करना चाहिए। इसके लिए पंडित से सलाह लें।



श्राद्ध कर्म या तर्पण करने के भारत में कई स्थान है, लेकिन पवित्र फल्गु नदी के तट पर बसे प्राचीन गया शहर की देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पितृपक्ष और पिंडदान को लेकर अलग पहचान है।

# माता-पिता समेत सात पीढ़ियों का उद्धार करता है गयाजी में पिंडदान

पुराणों के अनुसार पितरों के लिए खास आश्विन माह के कृष्ण पक्ष या पितृपक्ष में मोक्षधाम गयाजी आकर पिंडदान एवं तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और माता–पिता समेत सात पीढ़ियों का उद्धार होता है।

पितृ की श्रेणी में मृत पूर्वजों, माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानीसहित सभी पूर्वज शामिल होते हैं। व्यापक दृष्टि से मृत गुरू और आचार्य भी पितृ की श्रेणी में आते हैं। कहा जाता है कि गया में पहले विभिन्न नामों के 360 वेदियां थीं जहां पिंडदान किया जाता था। इनमें से अब 48 ही बची है। यहां की वेदियों में विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के किनारे और अक्षयवट पर पिंडदान करना जरूरी माना जाता है। इसके अतिरिक्त वैतरणी, प्रेतशिला, सीताकुंड, नागकुंड, पांडुशिला, रामशिला, मंगलागौरी, कागबलि आदि भी पिंडदान के लिए प्रमुख है। यही कारण है कि देश में श्राद्ध के लिए 55 स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है जिसमें बिहार के गया का स्थान सर्वोपरि है। आओ जानते हैं इसके 5 कारण।

- गयासुर नामक असुर ने कठिन तपस्या कर ब्रह्माजी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर देवताओं की तरह पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन मात्र से पापमुक्त हो जाएं। इस वरदान के चलते लोग भयमुक्त होकर पाप करने लगे और गयासुर के दर्शन करके फिर से पापमुक्त हो जाते थे। इससे बचने के लिए यज्ञ करने के लिए देवताओं ने गयासुर से पवित्र स्थान की मांग की। गयासुर ने अपना शरीर देवताओं को यज्ञ के लिए दे दिया। जब गयासुर लेटा तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया। यही पांच कोस जगह आगे चलकर गया बना।
- देह दान देने के बाद गयासुर के मन से लोगों को पाप मुक्त करने की इच्छा नहीं गई और फिर उसने देवताओं से वरदान मांगा कि यह स्थान लोगों को तारने वाला बना रहे। तब से ही यह स्थान मृतकों के लिए श्राद्ध कर्म कर मुक्ति का स्थान बन गया।
- कहते हैं कि गया वह आता है जिसे अपने पितरों को मुक्त करना होता है। लोग यहां अपने पितरों या मृतकों की आत्मा को हमेशा के लिए छोड़कर चले जाता है। मतलब यह कि प्रथा के अनुसार सबसे पहले किसी भी मृतक तो तीसरे वर्ष श्राद्ध में लिया जाता है और फिर बाद में उसे हमेशा के लिए जब गया छोड़ दिया जाता है तो फिर उसके नाम का श्राद्ध नहीं किया जाता है। कहते हैं कि गया में श्राद्ध करने के उपरांत अंतिम श्राद्ध बदरीका क्षेत्र के 'ब्रह्मकपाली' में किया जाता है।
- गया क्षेत्र में भगवान विष्णु पितृदेवता के रूप में विराजमान रहते हैं। भगवान विष्णु मुक्ति देने के लिए 'गदाधर' के रूप में गया में स्थित हैं। गयासुर के विशुद्ध देह में ब्रह्मा, जनार्दन, शिव तथा प्रपितामह स्थित हैं। अतः पिंडदान के लिए गया सबसे उत्तम स्थान है।
- पुराणों अनुसार ब्रह्मज्ञान, गयाश्राद्ध, गोशाला में मृत्यु तथा कुरुक्षेत्र में निवास– ये चारों मुक्ति के साधन हैं– गया में श्राद्ध करने से ब्रह्महत्या, सुरापान, स्वर्ण की चोरी, गुरुपत्नीगमन और उक्त संसर्ग–जनित सभी महापातक नष्ट हो जाते हैं।

# एप्पल के उत्पादों में पाई गई कई खामियां, सरकार ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली ।

टेक दिग्गज कंपनी एप्पल द्वारा बहुप्रतीक्षित आईफोन 16 सीरीज लॉन्च करने के कुछ ही दिनों बाद, भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने एप्पल के विभिन्न उत्पादों में पाई गई कई कमजोरियों को लेकर हाई सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत साइबर सिक्योरिटी की निगरानी करने वाली संस्था सीआईआरटी-इन ने चेतावनी दी है कि इन कमजोरियों का उपयोग हैकर्स द्वारा न केवल संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है, बल्कि इसके जरिए वे टारगेट किए गए डिवाइस पर मनमाना कोड रन कर सकते हैं, सुरक्षा प्रतिबंधों को बाईपास कर सकते हैं, डिनायल ऑफ सर्विस जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं, ऑथेंटिकेशन फीचर्स को छका कर पिछले दरवाजे से डिवाइस का एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं, एडवांस विशेषाधिकार प्राप्त कर सकते हैं और लक्षित सिस्टम पर स्पूफिंग हमले कर सकते हैं। सीईआरटी-इन का कहना है कि इन कमजोरियों को एप्पल द्वारा जारी लेटेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट में ठीक कर दिया गया है। एडवाइजरी में आईओएस, आईपेडओएस, मेओएस, टीवीओएस यूजर्स को सतर्क करते हुए सलाह दी गई है कि वे जोखिमों को कम करने के लिए अपने ऐपल डिवाइस पर लेटेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट को तुरंत इंस्टॉल करें। साथ ही, यूजर्स को अपने डिवाइस पर किसी भी असामान्य गतिविधि पर नजर रखने और उचित साइबर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।



# आईपीओ से 500 करोड़ जुटाएगी लीला होटल की पेरेंट कंपनी

नई दिल्ली।

लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का परिचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है, जो होटल क्षेत्र में देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। श्लॉस बैंगलोर के आईपीओ में 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 2,000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। यह बिक्री प्रवर्तक कंपनी प्रोजेक्ट बैलेट बैंगलोर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जाएगी। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट द्वारा समर्थित श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने कहा है कि नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा लिए गए कर्ज को चुकाने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।




मार्च 2024 तक कंपनी पर 4,052.50 करोड़ रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए यह आईपीओ लाया जा रहा है। इस रकम का बड़ा हिस्सा कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन और विस्तार की योजनाओं में उपयोग किया जाएगा।

आईपीओ पूर्व नियोजन चरण में कंपनी 600 करोड़ रुपये जुटाने पर भी विचार कर रही है। यदि ऐसा होता है, तो नए निर्गम का आकार कम हो सकता है, जिससे कुल जुटाई जाने वाली राशि में बदलाव हो सकता है।

# अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने बना रही बैकअप प्लान




नई दिल्ली ।

अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने के लिए बैक-अप प्लान की तैयार कर रही है। इसी मकसद से कंपनी झारखंड के गोड्डा में अपने 1600 मेगावाट के थर्मल प्लांट, जो बांग्लादेश को अपनी पूरी उत्पादित बिजली की आपूर्ति करता है, को बिहार के लखीसराय में एक सबस्टेशन के माध्यम से भारतीय ग्रिड से जोड़ रहा है और इसके लिए कंपनी को मंजूरी मिल गई है। इस मामले में अडाणी पावर लिमिटेड ने कहा कि यह कनेक्शन तभी चालू होगा जब इसकी सहायक कंपनी, अदानी पावर झारखंड लिमिटेड 130 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन पर अतिरिक्त बे का निर्माण करेगी। इस प्रक्रिया में काफी समय लग सकता है। गोड्डा प्लांट से 30 किलोमीटर दूर बांका में एक करीबी सबस्टेशन के अंतरिम लिंक के जरिए भारतीय ग्रिड से जल्द कनेक्शन के लिए एपीजेएल के अनुरोध को नेशनल ट्रांसमिशन प्लानिंग अथॉरिटी, सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 21 अगस्त को तकनीकी बाधाओं का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था। बता दें कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के रूप में मोहम्मद यूनुस के शपथ लेने के दो दिन बाद, पावर मिनिस्ट्री ने 10 अगस्त को बांग्लादेश में उभरते भूराजनीतिक तनाव और बकाया भुगतान का हवाला देते हुए अडाणी पावर के गोड्डा प्लांट के लिए भारतीय ग्रिड से कनेक्टिविटी की सिफारिश की थी।

# यूरोपीय संघ के देशों में ईवी कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज



नई दिल्ली ।

बीते साल अगस्त 2023 में यूरोपीय संघ के देशों में कारों की बिक्री में बडी गिरावट दर्ज की गई। बिक्री में 18.3प्रतिशत की गिरावट आई है, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे निचला स्तर है। जानकारी के मुताबिक, इस गिरावट का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कमी है, जबकि विश्वभर की सरकारें स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान कर रही हैं।

जर्मनी, फ्रांस और इटली जैसे प्रमुख बाजारों में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री लगातार चौथे महीने घट रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इस गिरावट ने यूरोपीय ऑटोमोबाइल निर्माता संघ (एसीईए) को तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता महसूस करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में अगस्त में 43.9प्रतिशतकी कमी आई, जिसमें जर्मनी में 68.8प्रतिशत और फ्रांस में 33.1प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। प्लग-इन इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री भी 22.3प्रतिशत कम हुई है। प्रमुख कार निर्माता कंपनियों जैसे फॉक्सवैगन, स्टेलेंटिस और रेनॉ की बिक्री में क्रमशः 14.8प्रतिशत, 29.5प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत की कमी आई है। सोसायटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कुल 23,023 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं, जबकि दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा घटकर 10,939 यूनिट्स पर पहुंच गया। इस स्थिति ने स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को संदेह के घेरे में ला दिया है।

# टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ हैः पीएम मोदी

वाशिंगटन ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत का मंत्र रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म है। टेक्नोलॉजी- डेमोक्रेसी संकट पैदा कर देता है। भारत के पास युवा भी, टेक्नोलॉजी भी है, मार्किट भी है। पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी बताया कि कैसे भारत चीन को पछाड़ने जा रहा है। हालांकि उन्होंने चीन का नाम नहीं लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ है। भारत की स्किल, भारत की कपाबिलिटी, भारत का परफॉरमेंस में यूनिक तरीके देखते होंगे। विश्व का सबसे बड़ा युवा टैलेंट आज भारत के पास है। इन्वेस्टर के लिए या कोई भी साहस करने वाले व्यक्ति के लिए पॉलिसी स्टेबिलिटी जरुरी है। बता दें कि इस समय चीन सेमीकंडक्टर के उत्पादन करने वाले देशों में नबंर वन है। हालांकि जल्द ही भारत चीन को इस मामले में पछाड़ने जा रहा है। पीएम मोदी ने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत में बता दिया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में 15 बिलियन डॉलर का इन्वेस्ट करने की दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। चिप के बिना कोई कारोबार चलना मुश्किल है। 5जी में हम लेट थे, लेकिन आज हम नंबर 1 है। चिप और सेमीकंडक्टर के दिशा में जो बेसिक नीड की जरुरत है उसमें हम पूरी तरह तैयार हैं। आज भी दुनिया की बड़ी कंपनी के रिसर्च और इनोवेशन सेंटर भारत में हैं। मालूम हो कि अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के दौरान गूगल, एनवीडिया और 13 अन्य कंपनियों जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मोदी ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक साझेदार बनने की भारत की क्षमता को रेखांकित किया और बताया कि कैसे भारत में तकनीकी प्रगति नवाचार को बढ़ावा दे सकती है।

## रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ ही 83.55 पर बंद हुआ। रुपया आज शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और प्रमुख विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.49 प्रति डॉलर पर फिसल गया। हालांकि फिर वापसी करता हुआ 84.46 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़त के साथ 100.49 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 फीसदी की बढ़त के साथ 75.04 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।



## भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूतः क्रेडाई

सिडनी । भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूत बनी हुई है और इसमें मंदी की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही मांग पूरा करने के लिए अधिक नई पेशकश की जरूरत है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष संगठन क्रेडाई के अनुसार किसी तिमाही में मकानों की बिक्री कम पेशकश की वजह से गिर सकती है, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद बढ़ी उपभोक्ता मांग बरकरार है। क्रेडाई 23-26 सितंबर को यहां अपना प्रमुख सम्मेलन क्रेडाई नैटकॉन आयोजित कर रहा है। इसमें 1,100 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। चालू तिमाही में बिक्री में अनुमानित गिरावट के बारे में पूछे जाने पर क्रेडाई के वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि सितंबर तिमाही में नई पेशकश कम रही हैं। अे धिकारी ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कोई इन्वेंट्री नहीं है। अच्छे डेवलपर की ओर से सही स्थानों तथा आकर्षक कीमतों पर आवासीय संपत्तियों की भारी मांग है।

## लीला पैलेस की मूल कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा किए

नई दिल्ली। लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का परिचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए। यह होटल क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में दाखिल आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 3,000 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट बैलेट बैंगलोर होल्डिंग्स (डीआईएफसी) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट द्वारा समर्थित श्लॉस बैंगलोर ने कहा कि नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा लिए गए कर्ज को चुकाने तथा सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।दस्तावेजों से पता चलता है कि मार्च, 2024 तक कंपनी पर कुल 4,052.50 करोड़ रुपये का उधार था।कंपनी आईपीओ पूर्व नियोजन चरण में 600 करो

## स्पाइसजेट को पात्र संस्थागत नियोजन से 3,000 करोड़ रुपये की राशि मिली




नई दिल्ली । निजी क्षेत्र की घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये की राशि मिली है। स्पाइसजेट ने इसी को लेकर कहा, क्यूआईपी 16 सितंबर को खुला और 18 सितंबर को बंद हुआ। इसमें निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया के साथ काफी अधिक लाभ मिला है। इससे कंपनी की वृद्धि संभावनाओं में निवेशकों का भरोसा दिखता है। स्पाइसजेट ने कहा, 3,000 करोड़ रुपये के वित्तपोषण के अलावा उसे पिछले वित्तपोषण दौर से 736 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी मिली है। इससे उसकी वित्तीय स्थिरता तथा वृद्धि योजनाओं को भी बल मिला है। । स्पाइसजेट की ओर से कहा गया कि निवेशकों और संस्थानों की ओर से मिली मजबूत प्रतिक्रिया स्पाइसजेट की तेजी से विस्तार करने और भारत के उभरते विमानन बाजार में एक मजबूत कंपनी बनने की क्षमता में दिखती है।'' विमानन कंपनी के अनुसार इस पूंजी निवेश से एयरलाइन अपने परिचालन को मजबूत करने के साथ ही अपने बेड़े को बढ़ाने और यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। इसके आलावा यात्रियों को पहले से बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किये जाएंगे।

# शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद, निफ्टी 26 हजार के करीब पहुंचा

### सेंसेक्स 384 अंक ऊपर आया

मुम्बई ।

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही विदेशी निवेश बढ़ने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन 384.30 अंक करीब 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ ही 84,928.61 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 148 अंक तकरीबन 0.57 फीसदी बढ़कर 25,939.05 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 25,847.35 और 25,956.00 के बीच कारोबार हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। इसमें एमएंडएम, एसबीआईद्ध, भारती एयरटेल, कोटक बैंक और एचयूएल जैसे शीर्ष पांच शेयर शामिल रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपसी, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, टाइटन, मारुति, रिलायंस, आईटीसी फाइनैंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी तेजी आई। दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 शेयर गिरावट पर बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, इंफोसिस, टीसीसएस, एलएंडटी, पावर ग्रिड, सन फार्मा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर भी नीचे आये।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी फेडरल बैंक (फेड) द्वारा ब्याज दरों में की गई नीतिगत कटौती से से भी घरेलू बाजार ऊपर आया है।

इससे पहले आज सुबह बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड ऊंचाई पर शुरुआत की। दुनियाभर के निवेशक इस बात पर नजर रख रहे हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बड़ी दर कटौती से आई तेजी कब तक बनी रहेगी। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 151 अंक बढ़कर 84,695 पर कारोबार करता नजर आया, जबकि निफ्टी 50 में 84 अंकों की बढ़त, यानी 0.33फीसदी की तेजी के साथ 25,875 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशिया-प्रशांत के बाजारों में सोमवार को धीमी शुरुआत देखी गई, क्योंकि क्षेत्र के निवेशक शुक्रवार को चीन और जापान द्वारा किए गए ब्याज दरों के फैसलों को समझने में लगे रहे। इससे पहले, यूएस फेड की तेज ब्याज दर कटौती ने पिछले हफ्ते बाजारों को मजबूती दी थी। सोमवार को जापान के बाजार एक सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ खुला। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.15 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 18,199 के स्तर पर दिखे, जो एचएसआई के पिछले बंद स्तर 18,258.57 से नीचे है।

## आईनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक नीत कंसोर्टियम से किया समझौता




नई दिल्ली । पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आइनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम के साथ 2,200 करोड़ रुपये की वित्त सुविधा के लिए समझौता किया है। आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) ने कहा कि अग्रणी बैंक (आईसीआईसीआई बैंक) द्वारा किए गए कार्यशील पूंजी मूल्यांकन के अनुसार इस सीमा बढ़ाकर 2,400 करोड़ रुपये किए जाने की संभावना है। बयान में कहा गया है कि आईसीआईसीआई बैंक नीत बैंकों के एक समूह के साथ 2,200 करोड़ रुपये की सीमा के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये सीमाएं मुख्य रूप से गैर-निधि आधारित हैं। आईनॉक्स जीएफएल ग्रुप के एक मुख्य वित्त अधिकारी ने कहा कि कंसोर्टियम व्यवस्था आईडब्ल्यूएल की वित्तीय मजबूती में बैंकिंग समुदाय के विश्वास को दर्शाती है। यह पिछली कई तिमाहियों के प्रयासों का परिणाम है और कंपनी के मजबूत परिचालन प्रदर्शन तथा इसके मजबूत दृष्टिकोण से समर्थित है।

# आलू और प्याज की कीमतें बढ़ने की संभावना


नई दिल्ली ।

आलू-प्याज के उत्पादन को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिससे फिर से रसोई का खर्च बढ़ले की संभावना है। 2023-24 में भारत का बागवानी उत्पादन मामूली 0.65 फीसदी घटकर 353.19 मिलियन टन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जून में जारी 2023-24 के दूसरे एडवांस अनुमान में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 352.23 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था। प्रमुख क्षेत्रों में कम पैदावार के कारण प्याज और आलू का उत्पादन 242.44 लाख टन और 570.49 लाख टन होने की उम्मीद है। अन्य सब्जियां जैसे बैंगन, रतालू और शिमला मिर्च का उत्पादन भी कम हो सकता है, जिससे इनकी कीमतों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकता है। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई 3.65 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 3.6 फीसदी थी। कुल सब्जियों का उत्पादन 205.80 लाख टन होने की उम्मीद है। अनुमानों से पता चला है कि टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी, टैपिओका, लौकी, कद्दू, गाजर, खीरे, करेला, परवल और भिंडी के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की कीमत वृद्धि के कारण टमाटर का उत्पादन 4.38 फीसदी बढ़कर 21.32 मिलियन टन हो गया है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों



की कीमतें पिछले साल आसमान छूकर 250 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं, जिससे किसानों को ऊंची बाजार कीमतों का फायदा उठाने की उम्मीद में खेती बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। टमाटर के उत्पादन में वृद्धि से भोजन की लागत कम करने में मदद मिली है, शाकाहारी थाली में साल-दर-साल 8 फीसदी और मांसाहारी भोजन में 12 फीसदी की कमी आई है। फलों का उत्पादनआम, केले और अन्य फलों के कारण फलों का उत्पादन 2.29 फीसदी बढ़कर 112.73 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है।

## शो मैं दिल तुम धड़कन में एक भावुक सफर



मुंबई : शेमारू उमंग पर मैं दिल तुम धड़कन में एक चौंकाने वाला मोड़ देखने को मिलेगा जो एक ऐसे शिशु को जन्म देती हैं जो जिन्दगी की लड़ाई हार जाता है, जिससे उनका परिवार टूट जाता है। उसी समय, केशव की पत्नी दीपिका ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया है, वह तनाव में आकर डॉक्टर को अपने बच्चे से छुटकारा दिलाने की बात कहती है, क्योंकि उसके सपने मां बनने से ज्यादा बड़े हैं। कहानी में एक नया मोड़ तब आता है जब डॉक्टर वृंदा की जान बचाने के लिए उनकी सास को नवजात शिशु की अदला-बदली का सुझाव देते हैं। शो में एक मां के असली मायने को बखूबी दशार्ता है, साथ ही यह महसूस भी कराता है कि एक मां और बच्चे के मजबूत बंधन के लिए खून का रिश्ता होना जरूरी नहीं है।

# पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य-स्वास्थ्य संभव

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस



ललित गर्ग

> मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। ये स्थितियां मनुष्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य को चौपट कर रही है।

हर साल दुनियाभर में 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण ह्न प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है।



26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं। शमन का अर्थ है लोगों के व्यवहार को बदलना और सूखे का सामना करने वाली फसलों को विकसित करना और सिंचाई प्रणालियों में सुधार जैसे कठोर और नरम उपायों के माध्यम से उपयुक्त जलवायु के लिए पर्यावरण में आवश्यक संशोधन करना।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस इस बात की याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्राकृतिक दुनिया का संरक्षण नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा है। इसलिए, जब लोग समुदायों में एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो पर्यावरण के कारण होने वाली आपदाओं के बावजूद उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अच्छे उपायों को अपनाना आसान हो जाता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इस दिन हम रुकें और इस बात पर विचार करें कि हम पर्यावरणीय स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बना सकते हैं और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य के मार्ग के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। यह दिन विशेष रूप से आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और उन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है जो दुनिया को लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में मदद कर सकते हैं। इस दिन को सेमिनार, कार्यशाला, मीटिंग आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया जाता है। यह लोगों, संगठनों और सरकारों को एक साथ आने और समुदाय के बेहतर और अधिक टिकाऊ रूपों को बनाने के लिए रणनीतियों पर विचार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह दिन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को एक दूसरे से निकटता से जुड़ा हुआ मानता है।

यह उल्लेखनीय है कि प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियाँ कई बीमारियों का मूल कारण हैं, उदाहरण के लिए, श्वसन रोग, जलजनित रोग और पुरानी बीमारियाँ। विशेषतः वायु प्रदूषण जानलेवा होता जा रहा है, जीवन की औसत आयु को कम कर रहा है। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की ललक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट फिक्र बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है।

दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलक रही है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। ये स्थितियां मनुष्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को कहना पड़ा कि हमारी पृथ्वी एक तरह से जलवायु अराजकता की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि इंसानी सभ्यता के सामने अब सिर्फ 'सहयोग करने या खत्म हो जाने' का विकल्प बचा है। विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा। विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस को सार्थक सकेंगे।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### मासूमों की खातिर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चाइल्ड़ पोर्नोग्राफी ड़ाउनलोड़ करना, स्टोर करना और देखना पोस्को और आईटी के तहत अपराध है। अदालत ने 'चाइल्ड़ पोर्नोग्राफी' की जगह 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' करने पर विचार करना चाहिए। पॉस्को एक्ट में संशोधन के लिए संसद को कानून लाने को भी कहा। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को पलटते हुए यह कहा जिसमें कहा गया था कि केवल बाल पोर्नोग्राफी ड़ाउनलोड़ करना और देखना पॉस्को अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के अपराध नहीं है, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करना न हो। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को अत्याचारपूर्ण बताते हुए उसे चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी जिसके खिलाफ अपने मोबाइल पर बाल पोर्नोग्राफी सामग्री ड़ाउनलोड़ करने का आरोप था। इससे पहले केरल हाई कोर्ट ने भी सितम्बर, 2023 में कहा था कि अगर कोई शख्स अश्लील फोटो या वीड़ियो देख रहा है, तो यह अपराध नहीं है, जब तक वह इसे दूसरे को न दिखाए। जबकि अप्रैल में इसी मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बच्चे का पोर्न देखना शायद अपराध न हो लेकिन पोर्नोग्राफी में बच्चे का इस्तेमाल होना अपराध है। पीठ ने अपने फै सले में इन धाराओं के तहत पुरोषों के दोषी कृत्य निर्धारित किए जाने की बात भी की। पॉस्को एक्ट की धारा 15(1) के अनुसार बच्चों से जुड़े. अश्लील कंटेंट को न हटाने, नष्ट न करने या उसकी जानकारी न देने पर भी सजा का प्रावधान है। अदालत ने सरकार को सुझाव दिया कि वह विशेषज्ञों की कमेटी बना सकती है जो सेक्स एजूकेशन का सिस्टम तैयार करे। साथ ही, अदालत ने स्कूलों को भी सलाह दी कि वे कम उम्र में ही बच्चों को पॉस्को कानून के विषय में बताएं। सारी दुनिया के विशेषज्ञ चाइल्ड़ पोर्नोग्राफी देखने और प्रसारित करने वालों से जूझ रहे हैं। इसे लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की जाती रही है। जब तक मासूमों को गोपन अंगों, अश्लील हरकतों या यौन शोषण के प्रति जागरूक नहीं किया जाता, वे अनभिज्ञ बने रहेंगे। अपराधी प्रवृत्ति के लोग उनकी मासूमियत से यूं ही खिलवाड़.करते रहेंगे। दोषियों को सजा देने की प्रवृत्ति की बजाय बच्चों की सुरक्षा पर खास ख्याल रखना सीखना होगा। जरूरत है कानून और नैतिक प्रभाव पर विशेष तवज्जो दिए जाने की।

## चिंतन-मनन

### प्रयत्न में ऊब नहीं

संसार में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता तो ऊब जाते। महावीर भी चालीस साल जिंदा रहे ज्ञान के बाद। निरंतर उसी ज्ञान में रमे रहे, कभी ऊबे नहीं! कभी चाहा नहीं कि कुछ और मिल जाए। परमात्मा की यात्रा पर प्राप्ति के बाद कोई ऊब नहीं है। इसलिए कृष्ण कहते हैं कि बिना ऊबे श्रम करना कर्त्तव्य है, करने योग्य है। अर्जुन कैसे माने और क्यों माने? अर्जुन तो जब प्रयास करेगा, तो ऊबेगा, थकेगा। कृष्ण कहते हैं, इसलिए धर्म में ट्रस्ट का, भरोसे का एक कीमती मूल्य है। श्रद्धा का अर्थ होता है, ट्रस्ट।

# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत

देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है। जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय उनका सपना था। वे कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा। अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ यह दिवस समाज में व्याप्त असमानताओं के उन्मूलन के लिए कार्य करने की प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त यह दिवस विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देता है, जिससे निर्धनों एवं वंचित वर्गों के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे इसका लाभ उठा सकें। सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। इसका उद्देश्य निर्धन ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। इससे पूर्व 24 सितंबर, 2013 को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत शहरी निर्धनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया जाता है। इससे पूर्व 25 सितंबर, 2004 को दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत निर्धन रोगियों को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि सरकार अंत्योदय अन्न योजना संचालित कर रही है। यह योजना 25 दिसंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई थी। इसे केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण परमाली द्वारा देश के सबसे निर्धन लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों को 35 किलो राशन प्रदान किया जाता है। इसमें 20 किलो गेहूं और 15 किलो चावल सम्मिलित होता है। इसके अंतर्गत गेहूं तीन रुपये प्रति किलोग्राम और चावल दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दिया जाता है। इसे सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि कच्ची नौकरियों में निर्धन परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें वे परिवार सम्मिलित हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। कोरोना काल से यह राशन निःशुल्क कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत को लेकर शासन कर रही हैं। भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। इस सिद्धांत को हम सबका साथ सबका विकास के साथ मिला हुआ देख सकते हैं जो गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा तय की गई नीतियों में भी नजर आता है। दीनदयाल जी और उनकी आर्थिक नीतियों ने हमेशा गरीबों की भलाई पर जोर देने की बात की है। उनके आर्थिक विचार में पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़ा व्यक्ति शामिल रहा है। उन्होंने कहा था कि ह्यआर्थिक नीति निर्धारण और प्रगति की सफलता का पैमाना यह नहीं है कि समाज के सबसे शीर्ष पर मौजूद व्यक्ति को उससे कितना फायदा मिल रहा है बल्कि यह है कि समाज पर जो लोग सबसे नीचे हैं उन्हें उन नीतियों का कितना फायदा मिला है। अंत्योदय का मतलब समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का कल्याण है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह हमारी सोच और हमारे सिद्धांत हैं कि ये गरीब और अशिक्षित लोग हमारे ईश्वर हैं, यही हमारा सामाजिक और मानवीय धर्म है। उनके इसी अंत्योदय के विचार से प्रेरित होकर केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मौजूद एनडीए सरकार और तमाम प्रदेशों में शासन करने वाली भाजपा सरकारें अंत्योदय के रास्ते पर बढ़ने की ओर अग्रसर हैं तथा गरीब, ग्रामीण एवं किसानों के लिए और समाज के सबसे शोषित वर्ग से आने वाले युवाओं और महिलाओं के कल्याण की ओर प्रतिबद्ध हैं। गरीब को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए औसत जीवन स्तर में बढ़ोतरी हुई है। मुद्रा, जनधन, उज्जवला, स्वच्छता मिशन, शौचालयों का निर्माण, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, आवास योजना, सस्ती दवाएं और इलाज, इन सभी योजनाओं पर कार्य को आगे बढ़ा दिया गया है।

**– योगेश कुमार गोयल**

# शतरंज : आघात से आहत होती सड़कें



मनोज चतुर्वेदी



भारत अथक प्रयासों के बाद विश्व शतरंज में महाशक्ति के तौर पर उभरने में सफल रहा है। भारत ने 1956 में शतरंज ओलंपियाड़ में भाग लेने की शुरूआत की। इन सालों में तमाम हताशा भरे पलों से गुजरने के बाद वह पहली बार 2014 में कांस्य पदक जीतने में सफल रहा। पुरोषों के पदचिन्हों पर चलते हुए महिला टीम भी 2022 में कांस्य पदक जीतने में सफल हो गई और उनके साथ पुरोष टीम भी कांस्य पदक जीतने में कामयाब हुई। पर अब बुड़ापेस्ट शतरंज ओलंपियाड़ में भारत ने दोनों वर्गों के स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया है।

भारत की शतरंज की सफलताओं में अभी एक अध्याय और जुड़ऩा बाकी है। ड़ी गुकेश सबसे कम उम्र में कैंडीडेट्र चैंपियन बन गए हैं। अब उन्हें 20 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक विश्व चैंपियनशिप मैच में चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देनी है। कामयाब हो जाते हैं तो आनंद के बाद यह उपलब्धि पाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। अगर हम दोनों खिलाड़ियों के पिछले प्रदर्शनों को देखें तो गुकेश चैंपियन बनने के दावेदार हैं। लिरेन पिछले काफी समय से क्लासिकल शतरंज नहीं खेली है, और फीडे. की लाइव रेटिंग में 21वें स्थान पर पिछड़. गए हैं। गुकेश शानदार प्रदर्शन से पांचवीं रैंकिंग पर हैं और 2800 ईएलओ रेटिंग तक पहुंचने के करीब हैं। भारतीय टीम के दबदबे की कहानी इस बात से भी दिखती है कि वह 32 सालों में सबसे बड़े. अंतर से विजेता बनने वाली टीम है। भारतीय दबदबा इस बात से भी दिखता है कि उन्होंने 11 राउंड़ में खेलीं 44 बाजियों में से सिर्फ एक हारी और 27 जीतीं, बाकी बाजियां ड्रा रहीं। उन्होंने आखिरी राउंड़ में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 अंकों से विजय पाकर खिताब पर कब्जा जमाया। महिला टीम ने आखिरी राउंड़ में अजरबेजान को फतह करके अपने की विजयी रेखा के पार पहुंचाया। भारत के लिए पुरोष वर्ग में गुकेश और अर्जुन एरिगेसी, महिला वर्ग में दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। अर्जुन भारत के नंबर एक खिलाड़ी हैं पर भारत ने उन्हें तीसरे बोर्ड.पर खिलाने की रणनीति बनाई जो कारगर साबित हुई। वह 10 में से नौ बाजियां जीत कर स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब हुए। गुकेश ने पहले बोर्ड. पर खेल कर दस में से आठ बाजियां जीतीं और वह भी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। महिला वर्ग में 18 वर्षीय दिव्या देशमुख और 21 वर्षीय वंतिका अग्रवाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीत कर भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। दिव्या ने 11 में से आठ बाजियां और वंतिका ने नौ में से छह बाजियां जीतीं। दोनों खिलाड़ी अजेय रहीं क्योंकि इनकी बाजी बाजियां ड्रा रहीं। अर्जुन को तीसरे बोर्ड. पर खिलाने का फायदा यह मिला कि उन्हें हर राउंड़ में विपक्षी टीम के तीसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सामना करना पड़ा। इससे उन्हें 11 राउंड़ में 10बाजियां जीतने में सफलता मिली और इससे वह तीसरे बोर्ड.का व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने में सफल रहे। पर गुकेश टॉप बोर्ड. पर खेले और उन्होंने सभी टीमों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना करके 10 में से नौ बाजियां जीत कर व्यक्तिगत स्वर्ण जीता है। वह इस ओलंपियाड़ के एकलौते खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रदर्शन रेटिंग 3056 मिली है, और वह 3000 की संख्या को पार करने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। भारत के लिए 1998-2022 में शतरंज ओलंपियाड़ में सबसे ज्यादा 113 बाजियां खेलने वाले के शशिकिरण ने कहा, 'मुझे खुशी है कि भारत ने मेरे जीवनकाल में ही स्वर्ण पदक जीत लिया। यह टीम बहुत खास है, क्योंकि पहला मौका है, जब भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी ईएलओ रेटिंग में 2700 से ऊपर वाले हैं।' वह इस बात से इत्तिफाक नहीं रखते कि वह इस टीम की जीत का आधार बनाने वाले हैं। वह कहते हैं, आधार बनाने वाले विश्वनाथन आनंद हैं और मैंने आनंद और युवा खिलाड़ियों के बीच ब्रिज बनाने का काम किया है।' वह भारतीय युवाओं से 2026 से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे पर इन युवाओं से समय से पहले ही डंका बजा दिया है। इस सफलता के अलावा भी भारतीय खिलाड़ियों ने साल 2024 में अपना झंड़ा बुलंद रखा है। भारत के तीन खिलाड़ियों ने कैंड़ीडेट्र टूनामेंट में भाग लिया और गुकेश मात्र 17 साल की उम्र में इसे जीतने में सफल रहे। इस समय फीडे. की लाइव रेटिंग में भारत के दो खिलाड़ी टॉप पांच में शामिल हैं।

अर्जुन 1797.2 अंकों से तीसरे और ड़ी गुकेश 2794 अंकों से पांचवें स्थान पर हैं। दोनों 2800 ईएलओ रेटिंग के पार जाने के करीब हैं। इससे पहले सिर्फ आनंद ही ऐसा कर सके हैं। भारतीय महिला टीम सातवें राउंड़ की समाप्ति पर बढ़त बनाए हुई थी। लेकिन वह आठवें राउंड़ में पोलैंड़ से हार गई और अगले राउंड़ में अमेरिका ने उसे ड्रा पर रोक दिया। भारत को चैंपियन बनने के लिए आखिरी राउंड़ में अजरबेजान पर जीत जरूरी थी। भारत ने बाजी जीतने के साथ स्वर्ण पदक जीतना पक्का कर दिया।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# तीन साल बाद फिर रोडीज को होस्ट करेंगे रणविजय सिंह

अभिनेता रणविजय सिंह रियलिटी शो रोडीज को साल 2003 से होस्ट कर रहे हैं। इस शो को करने के बाद रणविजय ने अपना शो बनाया। वे साल 2021 तक अपने इसी शो पर काम कर रहे थे। अपने शो को अलविदा कहने के तीन साल बाद अब रणविजय ने रोडीज के 20वें सीजन डबल क्रॉस में वापसी की है। वे अब फिर से रोडीज को होस्ट करने वाले हैं। एमटीवी के जारी प्रोमो में रणविजय लेदर जैकेट पहने और बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में रणविजय कह रहे हैं, रोडीज बनेगा तू? रोडीज को अपना घर मानते हैं रणविजय शो में वापसी को लेकर रणविजय ने कहा, रोडीज केवल एक शो नहीं है। ये एक भावना और मेरा कंफर्ट जोन है। मेरा घर है। पिछले 20 सालों से ये लोगों के धैर्य, सपने और जुनून से जुड़ा हुआ है। ये एक प्लेटफार्म नहीं, बल्कि उससे ज्यादा है। इस देश के युवाओं के धैर्य, लक्ष्य को दर्शाता है। मैं इस शो का हिस्सा बनकर काफी खुश हूं। हमने रोडीज डबल क्रॉस में कुछ नया करने की कोशिश की है। मैं इस शो में काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## रणविजय की जगह ये लोग कर चुके हैं होस्ट

रोडीज का नया सीजन को धोखे के आधार बनाकर बनाया गया है। इस शो में अब न केवल कंटेस्टेंट को दूसरी टीम के साथ अपनी टीम के लोगों से भी धोखे का सामना करना पड़ेगा। रोडीज के ऑडिशन इस साल अक्तूबर में शुरू होंगे। साल 2021 में जब रणविजय सिंह ने रोडीज छोड़ा तो हरभजन सिंह और विजेंद्र कुमार ने उनकी जगह ले ली थी। पिछले दो सीजन सोनू सूद ने रणविजय की जगह शो को होस्ट किया था। इन शोज में दिख चुके हैं रणविजय इसके अलावा रणविजय एमटीवी के स्प्लिटविला और स्टंटमानिया जैसे शो को भी होस्ट किया है। रणविजय फिल्मों में भी अपना हाथ आजमा चुके हैं। वे साल 2009 में सलमान खान और अजय देवगन के साथ फिल्म लंदन ड्रीम्स से नजर आ चुके हैं। इसके अलावा वे अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ फिल्म एक्शन रिप्ले में भी दिखाई दिए थे। उन्होंने मोड़ और 3एम जैसी फिल्मों में भी काम किया है।





# ऐश्वर्या से लेकर आलिया तक, जान्हवी से पहले दक्षिण में जलवा बिखेर चुकी हैं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

जान्हवी कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती हुई अदाकारा हैं। बेहद कम समय में उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। फिल्म दर फिल्म उनके अभिनय में भी गजब का सुधार देखने को मिल रहा है। वह जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में देवरा नाम की फिल्म से अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फैंस को उनकी इस फिल्म से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। जान्हवी से पहले कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम कर चुकी हैं और उन्होंने सफलता के झंडे भी गाड़े हैं।

## ऐश्वर्या राय बच्चन

ऐश्वर्या राय की गिनती भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में होती है। सुंदरता के साथ वह अपने अभिनय से भी दर्शकों के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वह कई साउथ की सुपरहिट फिल्मों में अपने अभिनय क्षमता को प्रदर्शित कर चुकी हैं। कुछ समय पहले रिलीज हुई पीएस-1 और पीएस-2 में ऐश्वर्या ने दमदार अदाकारी दिखाई थी। वहीं, वह रजनीकांत की बलॉकबस्टर फिल्म रोबोट में भी दिख चुकी हैं।

## पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री में से एक हैं। दक्षिण भारत में भी उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया जाता है। राम चरण के साथ रंगस्थलम, एनटीआर जूनियर के साथ अरविंद समेथा वीरा राघव, महेश बाबू के साथ महर्षि, अल्लू अर्जुन के साथ अला वैकुंठपुरमुलु और विजय के साथ बीस्ट में वह नजर आ चुकी हैं।



## आलिया भट्ट

आलिया भट्ट मौजूदा समय की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में से एक हैं। बॉलीवुड में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। उनका साउथ डेब्यू भी शानदार रहा था। एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर में वह एक छोटी सी, लेकिन अहम भूमिका में दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाड़ दिए थे।

## तमन्ना भाटिया

इस सूची में तमन्ना भाटिया का नाम भी शामिल हैं। तमन्ना यूं तो बहुत सी दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम कर चुकी हैं, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा सफल फिल्म बाहुबली रही थी। एस एस राजामौली के निर्देशन में बनी इस फिल्म को हिंदी पट्टी में खूब प्यार मिला था।



# सूटकेस जैसी जिंदगी हो गई है, कोई ठिकाना नहीं...


टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। निखिल पटेल से अलग होने के बाद एक बार फिर अभिनेत्री विवादों में घिर गई हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने एक व्लॉग शेयर कर के अपना दुख जाहिर किया है और बताया है कि उनकी जिंदगी सूटकेस जैसी हो गई है। दलजीत ने कहा कि पति से अलग होने के बाद वह एक बार फिर से अपनी जिंदगी को वापस ट्रैक पर लाने की कोशिश कर रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी बताया है कि वह महीनों से एक सूटकेस जैसी जिंदगी जी रही हैं, जिसका कोई ठिकाना नहीं है। दलजीत ने यह भी कहा है वह अब बेटे के साथ ट्रैवल करेंगी और इन सब से बाहर निकलेंगी।



# ये रिश्ता क्या कहलाता है से रातोंरात बाहर किए जाने पर बोलीं प्रतीक्षा

प्रतीक्षा होनमुखे इस समय श्रीति झा और अर्जित तनेजा स्टारर कैसे मुझे तुम मिल गए का हिस्सा हैं। अपने डेब्यू शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से अचानक बाहर होने के बाद सुर्खियों में आई थीं। हालांकि प्रतीक्षा ने कभी इस बारे में बात नहीं की कि शो के सेट पर सच में क्या हुआ था, लेकिन ये रिश्ता क्या कहलाता है के निर्माता राजन शाही ने कई इंटरव्यू में इस बारे में बात की और कहा कि प्रतीक्षा उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाईं। आइए जानते हैं कि अब अभिनेत्री ने क्या कहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है से बाहर होने के दो महीने बाद प्रतीक्षा को शो में नेगेटिव लीड के तौर पर कैसे मुझे तुम मिल गए का मौका मिला। हालांकि अभिनेत्री अब शो में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रतीक्षा ने बताया कि कैसे उन्होंने इस घटना के बाद खुद को संभाला और कैसे उनके माता-पिता ने उन्हें ठीक होने में मदद की। इस पूरी घटना के बारे में बात करते हुए प्रतीक्षा कहती हैं, यह मेरे लिए मुश्किल था क्योंकि ऐसी कई चीजें थीं, जिनके बारे में मैं बहुत ज्यादा सोच रही थी। मैंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू ही किया था। मैंने अपने सात साल के फ्लाइंग करियर को छोड़ दिया और जोखिम उठाया और फिर अचानक से यह सब हुआ, तो जाहिर तौर पर यह मुश्किल था। लेकिन फिर, जब आप अच्छे हो तो आपके साथ सब अच्छा होता है। प्रतीक्षा ने आगे कहा, ये रिश्ता के बाद भी जो कुछ भी हुआ, उस समय भी मुझे शो मिल रहे थे। मुझे दो शो ऑफर हुए लेकिन मैं उन शो को करने के लिए तैयार नहीं थी क्योंकि मानसिक रूप से मैं उस स्थिति में नहीं थी। इसलिए, जब यह शो आया, तो मैंने सोचा कि ठीक है, मतलब रोल भी लीड है तो क्यों नहीं? मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह फैसला लिया क्योंकि मैं यहां काम करके बहुत खुश हूं। यही नहीं, प्रतीक्षा ने शो से निकाले जाने के बाद के अनुभव को साझा करते हुए कहा, बात यह है कि मैंने लोगों को डिप्रेशन में जाते भी देखा है, क्योंकि मेरे साथ जो कुछ भी हुआ वह कोई छोटी बात नहीं थी, मेरा मतलब है कि हर कोई इसके बारे में बात कर रहा था। लेकिन मेरा परिवार मेरा साथ देने और मुझे प्रोत्साहित करने के लिए मौजूद था। वे मुझे बताते रहे कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।





# बैड न्यूज के बाद भी नहीं कम हो रहा तृप्ति डिमरी का धमाका, इस साल रिलीज होंगी ये तीन फिल्में

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों काफी चर्चा में हैं। जुलाई में फिल्म बैड न्यूज की रिलीज के बाद उनकी कई फिल्में रिलीज होने की गिनती में हैं। तृप्ति डिमरी ने फिल्म कला, एनिमल में अपनी भूमिकाओं को लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। इसके बाद से लगातार अपनी फिल्मों को लेकर तृप्ति चर्चा में हैं। इस साल ही तृप्ति डिमरी तीन फिल्मों धड़क 2, भूल भुलैया 3, विकी विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आने वाली हैं।

## विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो

विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में तृप्ति को लीड रोल में रखा गया है। इस कॉमेडी-ड्रामा मूवी में तृप्ति डिमरी, राजकुमार राव, विजय राज, मल्लिका शेरावत और अर्चना पूरन सिंह हैं। मूवी 11 अक्तूबर को रिलीज हो रही है।

## धड़क 2

जान्हवी कपूर की धड़क का सीक्वल रिलीज होने वाला है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर की जगह तृप्ति डिमरी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में तृप्ति के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आने वाले हैं। यह फिल्म सिनेमा घरों में 22 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

## भूल भुलैया 3


तृप्ति डिमरी इसी साल 1 नवंबर को अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ उनको देखा जा सकता है। इस फिल्म के साथ ही सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है।

## शाहिद कपूर के साथ काम करेंगी

तृप्ति डिमरी अभिनेता शाहिद कपूर के साथ एक और फिल्म साइन कर चुकी हैं। इस फिल्म की घोषणा 13 सितंबर को की थी। फिल्म के डायरेक्टर विशाल भारद्वाज होंगे।

## एनिमल पार्क

एनिमल की ही सीक्वल फिल्म में तृप्ति डिमरी को फिर से कास्ट किया गया है। इस फिल्म का नाम है एनिमल पार्क। फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अभी तक फिल्म को लेकर कुछ खास डिटेल्स साझा नहीं की है। फिल्म के रिलीज डेट और कलाकारों को लेकर खास खुलासे नहीं हुए हैं।



# जूनियर एनटीआर के बाद प्रभास के साथ हाथ मिलाएंगे कोरताला शिवा?

साउथ निर्देशक कोरताला शिवा इन दिनों देवरा के निर्माण में व्यस्त हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। आज फिल्म का प्री रिलीज इवेंट है, जिसके लिए प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। कोरताला शिवा और जूनियर एनटीआर फिल्म के प्रचार में जोर शोर से लगे हुए हैं। ऐसे में कोरताला शिवा पर देवरा का अगला भाग बनाने की भी जिम्मेदारियां हैं। इस बीच अब उनकी नई फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है, जो पैन इंडिया स्टार के साथ होने की उम्मीद है। दरअसल, कोरताला शिवा की देवरा दो भागों में रिलीज होने वाली है। पहली फिल्म पुरी हो चुके हैं और अगले हफ्ते रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, इसकी रिलीज के साथ ही देवरा पार्ट 2 पर भी काम शुरू हो जाएगा। वहीं, अब खबर है कि कोरताला शिवा अब देवरा के सीक्वल के बाद एक और कहानी लिख रहे हैं, जो उन्होंने साउथ सुपरस्टार प्रभास को सुनाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, कोराताला शिवा अब प्रभास के लिए एक स्क्रिप्ट तैयार कर रहे हैं। दोनों ने पहले ही मिर्ची फिल्म के लिए काम किया था, जो एक बड़ी हिट थी। इस फिल्म में अनुष्का शेट्टी भी प्रभास के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। वहीं, अब अगर ये खबरें सच साबित होती हैं तो यह दूसरी बार होगा, जब कोरताला शिवा और प्रभास दूसरी बार साथ काम करेंगे। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं और प्रभास की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। खबर है कि कोरताला शिवा देवरा 2 पर काम खत्म करने के बाद प्रभास को अपनी नई फिल्म में निर्देशित करेंगे। वहीं, दूसरी ओर चर्चा यह है कि प्रभास के पास भी कई फिल्में कतार में हैं, अब देखना यह होगा कि वे फिल्म पर कब काम करेंगे। वहीं, बात करें देवरा की तो यह जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। फिल्म में जान्हवी कपूर, सैफ अली खान के साथ राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, श्रुति मराटे, नारायण, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमायु सिंह जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है। संगीत रचना अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा की गई है। यह फिल्म 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# युद्रा में अपने किरदार से मानसिक रूप से प्रभावित हुए थे राघव

सिद्धांत चतुर्वेदी, माल्विका मोहनन और राघव जुयाल की युद्रा बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है। रवि उध्यावर की फिल्म में राघव को नकारात्मक रोल में देखा गया। राघव अपने किरदार से प्रशंसकों के दिलों में राज करते हैं, लेकिन अपने इस रोल से राघव खुद भी काफी प्रभावित हो गए थे। इस फिल्म को लेकर राघव ने हाल ही में बातचीत के दौरान बताया कि नकारात्मक रोल निभाना किस तरह से मनोवैज्ञानिक तरीके से प्रभाव डालता है। उनके इस बदलाव से उनका परिवार चिंतित हो गया।

## किरदार के लिए कंफर्ट जोन से आए बाहर

राघव ने कहा, वे अपने इस किरदार के लिए कंफर्ट जोन के बाहर आए और अपनी सीमाओं से बढ़कर रोल निभाया है। वे एक ऐसा किरदार निभा रहे थे, जो उनके व्यक्तित्व से बहुत अलग था। राघव ने कहा, मैंने महसूस किया कि कई बार पैकअप के बाद मैं बेचैन हो जाता था। शूटिंग पूरी होने के बाद मुझे एहसास हुआ कि इस किरदार ने मुझे मानसिक रूप से प्रभावित किया है।मुझे महसूस हुआ कि मुझे खुद को समय देकर आराम करना चाहिए।



# आईसीसी रैंकिंग : शतक से हुआ फायदा, ऋषभ पंत की लम्बे समय बाद टॉप 10 में वापसी

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लंबे अंतराल के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश किया है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में सभी प्रारूपों में बदलाव किया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रोमांचक सप्ताह के बाद दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ियों की टेस्ट और वनडे रैंकिंग में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं।

चेन्नई में बांग्लादेश पर भारत की दूसरी पारी में पंत के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचा दिया जिससे उन्हें 731 रेटिंग अंक मिले। विकेटकीपर बल्लेबाज ने हमवतन यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर 751 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर जगह बनाई। पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में शतक लगाया था। इस बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पांच पायदान नीचे खिसकने के बावजूद शीर्ष 10 में बने हुए हैं, अब वे बांग्लादेश के खिलाफ दोनों पारियों में 10 से कम रन बनाने के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 716 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी विभाग में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या ने गॉल में शानदार प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया। जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट लिए, जिससे वे 743 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। हालांकि श्रीलंका के ही असिथा फर्नांडो 13वें स्थान पर खिसक गए। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, कामिंदू मेंडिस 16वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि धनंजय डी सिल्वा ने ऑलराउंडर रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वे पांच पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए।

वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के उभरते सितारों ने इतिहास रच दिया। युवा सनसनी रहमानुल्लाह गुरबाज 23 साल की उम्र से पहले अपना सातवां शतक लगाने के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गुरबाज का उदय अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह आईसीस पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड को पछाड़ दिया, जो इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले वनडे में नाबाद 154 रन बनाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए।

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने भी दक्षिण अफ्रीका पर अफगानिस्तान की ऐतिहासिक श्रृंखला जीत में 7 विकेट लेने के बाद वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 8 पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। राशिद के प्रदर्शन ने अफगानिस्तान को शीर्ष पांच रैंकिंग वाली टीम पर पहली वनडे श्रृंखला जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# हमने अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया, भारत से पहले टेस्ट में हार पर बोले बांग्लादेश के कोच

**कानपुर (एजेंसी)।** बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने बुधवार को कहा कि उनके खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी प्रतिभा और क्षमता के साथ न्याय नहीं किया, लेकिन उम्मीद जताई कि शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।




बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो (20) और अनुभवी शाकिब अल हसन (32) ने पहली पारी में अच्छी शुरुआत के लेकिन वे उसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। दूसरी पारी में न केवल शंटो (82) बल्कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जाकिर हसन (35) और शादमान इस्लाम (35) ने भी अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल पाए जिसके कारण बांग्लादेश को करारी हार का सामना करना पड़ा।

हथुरुसिंघे ने कहा, 'हम इसको लेकर थोड़े चिंतित हैं क्योंकि जब भी हम इसको लेकर बात करते हैं तो यही कहते हैं कि अगर आपको अच्छी शुरुआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलो। हमारे कुछ खिलाड़ियों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए।% उन्होंने कहा, 'लेकिन भारत की यह टीम अलग-अलग चुनौतियां पेश कर रही है। हम इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं। इसलिए हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी।'

बांग्लादेश की टीम में बाएं हाथ से खेलने वाले पांच खिलाड़ी हैं जिनमें शीर्ष चार स्थान में बल्लेबाजी करने वाले मोमिनुल हक भी शामिल हैं। बल्लेबाजी में बाएं-दाएं संयोजन आमतौर पर बेहतर काम करता है क्योंकि यह गेंदबाजों को अपनी लाइन और लेंथ से लगातार संयोजन बिठाने के लिए मजबूर करता है। बांग्लादेश हालांकि इस आधार पर टीम का चयन नहीं करेगा। हथुरुसिंघे ने कहा,''यह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं फिर चाहे वह दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हो या बाएं हाथ से। अगर हम टीम में कोई परिवर्तन करते हैं तो वह पिच की स्थिति निर्भर करेगा।'

उन्होंने कहा, 'जब भी हम टीम में कोई बदलाव करते हैं तो यह देखते हैं कि टीम में शामिल होने वाला खिलाड़ी टीम में क्या नया जोड़ सकता है तथा बाहर होने वाले खिलाड़ी से क्या नुकसान होगा। इसलिए हम इसे बाएं या दाएं हाथ के खिलाड़ी के बजाय समग्र रूप में देखते हैं।' ग्रीन पार्क की पिच से स्पिनर को मदद मिल सकती है जिससे दोनों टीम अपने एक तेज गेंदबाज को बाहर कर सकती हैं। लेकिन हथुरुसिंघे ने कहा कि उन्हें अभी नहीं पता कि किस विकेट पर मैच खेला जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमने पिच को देखा है लेकिन मैदानकर्मियों ने दो विकेट तैयार कर रखे हैं। उन्होंने हमें यह नहीं बताया कि किस विकेट पर मैच खेला जाएगा। हमें इसके बारे में कल ही पता चलेगा।'

# हैरी के शतक से इंग्लैंड ने तीसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**-कंगारुओं का एक साल से जारी जीत का सिलसिला रुका**



**चेस्टर ली स्ट्रीट (एजेंसी)।** कप्तान हैरी ब्रूक के शानदार शतक से इंग्लैंड ने 5 मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के तीसरे मुकाबले में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का पिछले एक साल से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को लगातार 14 जीत के बाद पहली हार मिली है। हैरी ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाज करते हुए नाबाद 110 रन बनाये। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सीरीज में वापसी भी कर ली है हालांकि वह सीरीज में अभी भी 1-2 से पीछे है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दोनो मैच जीते थे।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 304 रन बनाये। इसके बाद जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी की। इसका कारण था कि मैच में बारिश का साया मंडरा रहा था। हैरी ने शुरुआती विकेट गिरने के बाद भी तूफानी खेल जारी रखा। जिससे 38वें ओवर में जब बारिश आई तो इंग्लैंड की टीम डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार लक्ष्य से 46 रन आगे पहुंच गयी। इस प्रकार उसने ये मैच 46 रनों से जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया की टीम को करीब एक साल बाद हार का सामना करना पड़ा है।

इंग्लैंड की जीत में हैरी ब्रूक के अलावा विल जैक्स की भी अहम भूमिका रही। जब ये दोनो बल्लेबाजी कर रहे थे तब टीम ने 11 रनों पर ही 2 विकेट खो दिये थे। ऐसे में इन दोनों बल्लेबाजों ने गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। इसका अंदाजा इसी से लगता है कि हैरी और जैक्स ने 147 गेंद में 6 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 156 रन बना दिये। जैक्स ने 82 गेंद में 84 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद जैमी स्मिथ भी 7 रन ही बना पाये। हैरी 94 गेंद पर 110 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं लियाम लिविंग्सटन ने 20 गेंद पर 33 रन बनाये।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी 77और स्टीव स्मिथ 60 के अर्धशतकों की सहायता से 7 विकेट पर 304 रन बनाए। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल 30 और एरॉन हार्डी 44 ने भी अंत में अच्छी बल्लेबाजी की।

# मुझे पूरा भरोसा है कि टीम इंडिया विश्व कप जीतेगी: बड़े इवेंट से पहले बोली पूनम यादव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले बहुप्रतीक्षित आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से पहले भारतीय महिला टीम (आईएनडीडब्ल्यू) की लेग स्पिनर पूनम यादव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि टीम इंडिया विश्व कप जीतेगी। भारत 4 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट से पहले भारत वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।



पूनम ने कहा, 'कोच अमोल मजूमदार ने टीम की फील्डिंग और फिटनेस को बेहतर बनाने पर काफी ध्यान दिया है। उन्होंने 10 दिवसीय स्किल कैंप का भी आयोजन किया। मेरा मानना है कि चीजें सुधर रही हैं और कैंप में शामिल सभी लड़कियां कड़ी मेहनत कर रही हैं। जब आप ऐसे कैंप का हिस्सा होते हैं, तो आपको अपनी प्लेइंग पोजीशन के बारे में स्पष्टता मिलती है, कौन किस पोजीशन पर अहम भूमिका निभाता है और आपको कहां गेंदबाजी करनी चाहिए। इससे गलतियों को सुधारने में मदद मिलती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आप विश्व कप में उन्हें न दोहराएं। मुझे पूरा विश्वास है कि टीम इंडिया विश्व कप जीतेगी।'

आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 में पूनम यादव को भारत की टीम में शामिल नहीं किया गया। भारत 2020 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपने पहले टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचा, यह मायावी खिताब जीतने की उम्मीदों से भरी रात थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 185 रनों का पीछा करते हुए हरमनप्रीत की टीम 99 रन पर आउट हो गई। 2022 में टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में भारत एक बार फिर सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने के करीब पहुंच गया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया एक बार फिर अंतिम चार में बाधा साबित हुआ।

टी20 विश्व कप की अगुवाई में भारत के नतीजे मिले-जुले रहे हैं। वे इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज हार गए, लेकिन हरमनप्रीत की टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ लगातार दो सीरीज जीतकर वापसी की। जुलाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुई। एशिया कप 2024 में भारत फाइनल में श्रीलंका से हार गया, जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा।

**भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन।

**ट्रैवलिंग रिजर्व :** उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवेर, साइमा ठाकोर।

**गैर-यात्रा आरक्षित :** राघवी बिस्ट, प्रिया मिश्रा।

# महिला टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू, 18 साल से कम उम्र वालों को फ्री एंट्री

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के चलते इसकी मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात को सौंपी गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, 'टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है। जिस दिन दो मैच खेले जाएंगे उस दिन एक ही टिकट से दोनों मैच के लिए प्रवेश मिलेगा।'

# कानपुर टेस्ट के लिए रोहित-गंभीर ने किया पिच का निरीक्षण, मस्ती के मूड में दिखे विराट कोहली

कानपुर । 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस टेस्ट के लिए टीम इंडिया ने तैयारी शुरू कर दी है। कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर ने पिचा का मुआयना किया और विराट कोहली ने इस दौरान जमकर बल्लेबाजी की प्रैक्टिस की। इससे पहले चेन्नई टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश को हराकर सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। अक्षर पटेल को चेन्नई टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिला था। रविंद्र जडेजा के रहते हुए अक्षर का प्लेइंग 11 में जगह बना पाना मुश्किल ही नजर आ रहा है। जसप्रीत बुमराह ने चेन्नई टेस्ट में दमदार गेंदबाजी की थी, अब दूसरे टेस्ट में भी उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम की पिच दूसरे टेस्ट मैच के लिए कैसी होगी, इसका मुआयना करते हुए कप्तान रोहित शर्मा नजर आए। रोहित शर्मा प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिछ को परखते हुए भी दिखे। गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच भले ही आईपीएल के दौरान मैदान पर फाइट देखने को मिली है, लेकिन जबसे गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं, उनके और विराट के बीच काफी बढ़िया केमेस्ट्री देखने को मिली है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में प्रैक्टिस के दौरान गंभीर और विराट की इस फोटो को कैप्शन आप खुद दे दीजिए। कप्तान रोहित शर्मा को मालूम है कि पिच का रोल कितना अहम हो सकता है। कानपुर टेस्ट में ग्रीन पार्क स्टेडियम में इसी पिच पर टेस्ट मैच खेला जाना है। रोहित के लिए पिच को परखना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इसके हिसाब से ही उन्हें प्लेइंग ड्ढ्ढ भी चुनना होगा। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर दोनों ही पिच को परखने में लगे हैं। अक्षर पटेल के लिए भले ही प्लेइंग 11 में जगह बनती ना नजर आ रही हो, लेकिन प्रैक्टिस सेशन में उनकी एनर्जी में कोई कमी नजर नहीं आ रही है।

# सचिन का रिकॉर्ड न भी तोड़ पाए तब भी सर्वकालिक महान खिलाड़ी बन जाएंगे जो रूट : इयान बेल

**जोधपुर (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज इयान बेल का मानना है कि जो रूट अगर सचिन तेंदुलकर के 15,921 रन के टेस्ट रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाते हैं तो भी वह टेस्ट क्रिकेट में उनके देश के सर्वकालिक महान बल्लेबाज बन जाएंगे। रूट हाल ही में श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए थे।




बेल ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अवसर पर कहा, 'रूट ने पिछले 12 महीनों अविश्वसनीय रूप से शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे नहीं लगता कि वह भविष्य के बारे में बहुत कुछ सोच रहा है। वह उसी क्षण में जी रहा है जैसे हम जी रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'सचिन जैसे महानतम खिलाड़ी के करीब पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि है। सचिन खेल का वास्तव में महान खिलाड़ी है जिनको खेलते हुए देखकर हम बड़े हुए हैं। वह केवल भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए नायक हैं।'

इंग्लैंड की तरफ से 118 टेस्ट मैच खेलने वाले 42 वर्षीय बेल ने अपने पूर्व साथी के बारे में कहा, 'यह सोचना भी बड़ी उपलब्धि है कि रूट सचिन के करीब पहुंच सकता है। वह सचिन का रिकॉर्ड तोड़ पाए हैं या नहीं, इसमें कोई संदेह नहीं कि वह इंग्लैंड के सर्वकालिक महान बल्लेबाज के रूप में जाने जाएंगे।' रूट अभी 33 वर्ष के हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12402 रन बनाए हैं। इस तरह से वह तेंदुलकर के रिकॉर्ड से अभी 3519 रन पीछे हैं। बेल को लगता है कि इंग्लैंड के बहुचर्चित बैज़बॉल दृष्टिकोण ने मौजूदा खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर किया है।

उन्होंने कहा, 'एक प्रशंसक के तौर पर आपको परिणामों को देखना होगा। जब से ब्रेंडन (मैकुलम) इंग्लैंड की टीम में आए हैं और (बेन) स्टोक्स ने कमान संभाली है, टीम ने अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। वे जैक क्रॉली, ओली पोप, हैरी ब्रूक जैसे युवा खिलाड़ियों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहे हैं।'

इंग्लैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दो चक्र में फाइनल में पहुंचने के दावेदारों में शामिल नहीं रहा और बेल का मानना है कि अगले चक्र में घरेलू श्रृंखलाओं में जीत दर्ज करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा,''मुझे पूरा यकीन है कि उनकी नजर अगले 12 महीनों पर है, जिसमें उन्हें भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जो एक बड़ी चुनौती होगी।' बेल ने कहा, 'भारत अभी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और उसके बाद इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इंग्लैंड की टीम के लिए यह 10 टेस्ट मैच बेहद महत्वपूर्ण होंगे और वे इसके लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।'

# एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत



मैड्रिड । किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया। एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में 9 मैचों में सात गोल हो गए हैं। स्पेनिश लीग में उनके नाम पांच गोल हैं और वह बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की से एक गोल पीछे हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इतिहास रच सकते हैं रविंद्र जडेजा

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बांग्लादेश के खिलाप दूसरे टेस्ट में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना सकते हैं। उन्होंने पहले टेस्ट की पहली पारी में 86 रन की पारी खेलने के बाद दोनों पारियों में 5 विकेट झटके थे। दरअसल, रविंद्र जडेजा के नाम 73 टेस्ट में 299 विकेट हैं। वह एक विकेट और लेते हैं टेस्ट क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे कर लेंगे। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले ही लेफ्ट आर्म स्पिनर बनेंगे। दुनिया में अब तक 2 ही लेफ्ट आर्म स्पिनर्स 300 टेस्ट विकेट ले सके हैं। इनमें श्रीलंका के रंगना हेराथ 233 विकेट के साथ पहले और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी 362 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर काबिज हैं। अगर जडेजा भी ये उपलब्धि हासिल कर लेते हैं तो वह ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे लेफ्ट आर्म स्पिनर बन जाएंगे। 35 वर्षीय जडेजा हर मैच में औसतन 4 विकेट ले रहे हैं। रंगना हेराथ से आगे निकलने के लिए उन्हें 134 विकेट और चाहिए। 4 विकेट के औसत से देखें तो ऐसा करने के लिए उन्हें 34 टेस्ट और लगेंगे। भारत एक साल में औसत 10 से 12 टेस्ट खेलता है यानी जडेजा को 34 टेस्ट खेलने में 4 साल और लग सकते हैं।



# हॉकी द्विपक्षीय सीरीज के लिए जर्मनी से भिड़ेगी भारतीय हॉकी टीम, हॉकी इंडिया ने किया ये ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी। हॉकी इंडिया ने ये घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने ओलंपिक में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था। वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि, जर्मनी के खिलाफ ये द्विपक्षीय सीरीज विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और ये सीरीज फैंस को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। हम इस सीरीज की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। वहीं भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।



# प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट में खेलते नजर आएंगे विराट कोहली, आगामी सत्र के लिए संभावित टीम में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली आगामी रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में खेलते हुए नजर आएंगे। उनके साथ विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी हो सकते हैं जिन्हें दिल्ली की संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट में प्रमुख घरेलू रेड-बॉल टूर्नामेंट 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इसी तारीख को दिल्ली अपने एलीट प्लेट ग्रुप डी मैच में छत्तीसगढ़ से खेलेगी।

संभावित खिलाड़ियों की सूची में अंतरराष्ट्रीय/इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सितारे ऋषभ पंत, नवदीप सैनी, आयुष बदोनी, अनुज रावत, यश ढुल आदि भी शामिल हैं। पंत ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला से पहले दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। बांग्लादेश के खिलाफ पहले चेन्नई टेस्ट में पंत ने शानदार शतक बनाया और धमाकेदार वापसी करते हुए टेस्ट टीम में वापसी की।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (DDCA) की ओर से 84 संभावित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा करते हुए एक पत्र में कहा गया, 'आज 24 सितंबर 2024 को शाम 5:30 बजे DDCA में आयोजित सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक में गुरशरण सिंह (अध्यक्ष), के भास्कर पिल्लई (चयनकर्ता), राजीव विनायक (चयनकर्ता), सरनदीप सिंह (मुख्य कोच और राजन मनचंदा (संयुक्त सचिव) उपस्थित थे। समिति ने 2024-25 के घरेलू सत्र में आगामी रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए दिल्ली पुरुष सीनियर टीम में विचार के लिए निम्नलिखित संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। चयनित खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट 26 सितंबर 2024 को होगा, जिसमें स्थल का विवरण टीम मैनेजर द्वारा बताया जाएगा।'

पत्र में यह भी कहा गया, 'अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी पर खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट से छूट दी गई है। इसके अलावा 23 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को, यदि रणजी ट्रॉफी टीम के लिए नहीं चुना जाता है, तो उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।' पत्र में कहा गया है, 'अंडर-23 श्रेणी के लिए चयनकर्ताओं का अंतिम निर्णय संबंधित श्रेणियों में खिलाड़ियों की नियुक्ति पर होगा।'

विशेष रूप से विराट ने रणजी में अपना अंतिम मैच नवंबर 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था जिसमें वे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर दोनों पारियों में 14 और 42 रन बनाकर आउट हो गए थे। 146 प्रथम श्रेणी मैचों में विराट ने 49.86 की औसत से 11,120 रन बनाए हैं जिसमें 36 शतक और 38 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* है। 11 अक्टूबर को होने वाला यह रणजी ट्रॉफी मैच 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले टेस्ट से पहले होगा और इससे विराट को घरेलू परिस्थितियों में कुछ जरूरी खेल खेलने का मौका मिल सकता है, क्योंकि इस साल वे फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



## दिल्ली में ऑड-ईवन की तैयारी... कृत्रिम बारिश कराने की अनुमति मांगी

नई दिल्ली। दिल्ली में आतिशी सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सर्दी का एक्शन प्लान का ऐलान किया है। दिल्ली में सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 21 सूत्री कार्य योजना लागू होगी। मंत्री राय ने कहा, वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली के आस-पास के राज्यों और केंद्र को मिलकर काम करने की जरूरत है। 2016 से 2023 के बीच वायु प्रदूषण में 34.6 फीसदी की कमी दर्ज हुई है। दिल्ली में वनरोपण जैसी दीर्घकालिक योजना से वायु प्रदूषण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल में 2 करोड़ पेड़ लगाए गए, वृक्षारोपण नीति से मदद मिली, दिल्ली की सड़कों पर 7545 पब्लिक ट्रांसपोर्ट बसें चल रही हैं। ईवी नीति सफल साबित हो रही है। दिल्ली ने अपना थर्मल पावर प्लांट बंद किया है, लेकिन एनसीआर राज्यों में इसी तरह के प्लांट अभी भी चालू हैं। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ऑड-ईवन की तैयारी कर रही है। यह प्लान केवल इमरजेंसी उपाय के रूप में लागू होगा। उन्होंने कहा, विभाग ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर सर्दियों के दौरान कृत्रिम बारिश कराने की अनुमति मांगी है। हम 1 से 15 नवंबर के बीच कृत्रिम बारिश की तैयारी करना चाहते हैं, जब दिवाली के बाद और पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर चरम पर होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मंत्री ने अभी तक पत्र का जवाब नहीं दिया है। मंत्री राय ने कहा कि प्रदूषण के हॉटस्पॉट इलाकों की ड्रोन के जरिए रियल-टाइम निगरानी की जाएगी।

## अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर हाईकोट...सेल्फ डिफेंस में पैर पर चलाते हैं गोली

मुंबई। बदलापुर में नर्सरी की दो बच्चियों के साथ यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सवाल उठा दिए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि हम कैसे मान लें कि 4 अफसर एक आरोपी को संभाल नहीं सके। हथकड़ी भी लगी थी, अगर सेल्फ डिफेंस जैसी स्थिति थी तब आरोपी के पैर पर गोली चलाते हैं। अक्षय के पिता ने एनकाउंटर पर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई है, जिस पर जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच सुनवाई कर रही है। अक्षय के पिता ने एनकाउंटर की जांच के लिए कोर्ट से स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव टीम (एसआईटी) बनाने की मांग की है।

## दुष्कर्मी दरोगा के घर चस्पा किया कुर्की का नोटिस

हापुड़। यहां एक दुष्कर्म का आरोपी दरोगा अपनी गिरफ्तारी के डर से भागा भागा फिर रहा है। बीते 13 सालों से फरार दरोगा नागसेन आनंद को पुलिस ढूंढने में नाकाम रही है। अब एक अदालत ने कुर्की की कार्रवाई करने का नोटिस जारी किया है। पुलिस ने आरोपित के घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है। दरोगा के खिलाफ 2011 में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन वह गिरफ्तारी से बचता रहा है। अब कोर्ट ने उसकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है।एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि 27 जुलाई 2011 को हमीरपुर की एक महिला ने दरोगा नागसेन आनंद के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला जज (एफटीसी द्वितीय) के यहां चल रही थी। मुकदमा दर्ज होने से दारोगा की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। दारोगा के फरार होने पर न्यायालय ने कुर्की की कार्रवाई करने को लेकर नोटिस जारी किया। पुलिस ने आरोपित के घर पर कुर्की की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया है।

## मलेशिया में फंसे झारखंड के 70 मजदूर....सरकार से लगाई गुहार

रांची। झारखंड के मजदूर काम की तलाश में अन्य देशों में जाते हैं, लेकिन कई बार ये मजदूर बड़ी मुसीबत में फंस जाते हैं। फिर झारखंड के 70 मजदूरों का मलेशिया में फंसे होने का मामला सामने आया है। दरअसल वहां फंसे मजदूरों ने वीडियो शेयर कर जानकारी दी। मजदूरों ने सरकार से बकाया राशि दिलाकर वतन वापसी की गुहार लगाई है। मलेशिया में फंसे मजदूरों ने बताया कि पिछले चार महीनों से मजदूरों को कंपनी ने वेतन भी नहीं दिया। इसकारण मजदूरों को खाने पीने को लेकर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण मजदूरों ने सरकार से गुहार लगाई है कि उनकी जल्दी से जल्दी वतन वापसी हो। साथ ही उनका चार महीने का वेतन भी दिलाया जाए। वहीं मजदूरों के हित में काम करने वाले एक शख्स ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील कर मजदूरों की जल्द वतन वापसी की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बता दें कि वहां फंसे मजदूर हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं।

## राम मंदिर की हर साल बढ़ रही कमाई, पांच साल में 55 अरब रुपए मिला दान

अयोध्या। अयोध्या में रोज एक लाख से ज्यादा भक्त रामलला के दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं और मंदिर निर्माण के लिए दान कर रहे हैं। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि अयोध्या के राम मंदिर की सालाना कमाई देश के अन्य प्रमुख मंदिरों के बराबर हो गई है। बीते वित्तीय वर्ष में कई माध्यमों से 363 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ, जिसके बाद मंदिर की सालाना आय ब्याज समेत 400 करोड़ तक पहुंच गई है। पिछले पांच सालों में राम मंदिर को करीब 55 अरब रुपए का दान मिला है, जिसमें 13 क्विंटल चांदी और 20 किलो सोना भी शामिल है। पिछले साल विदेशों से भी करीब 15 करोड़ रुपए का दान मिला था लेकिन देश के अन्य मंदिरों में जो दान आया उसमें आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की सालाना आय 1450-1613 करोड़ रुपए है, जबकि केरल के पद्मनाभस्वामी मंदिर से 650-700 करोड़ रुपए, पंजाब के स्वर्ण मंदिर से 500 करोड़ और जम्मू एवं कश्मीर के वैष्णो देवी मंदिर से 400 करोड़ रुपए की आमदनी हुई।

# भाजपा का दावा कहा- जम्मू कश्मीर में मिलेगी ऐतिहासिक जीत

**राजौरी (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सभी दल आशान्वित हैं। सबके अपने अपने दावे हैं और भाजपा का भी अपना दवा है इस पर उसे ऐतिहासिक जीत मिलने जा रही है। जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में आज विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान है और यह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा दिन है। वोट डालने के बाद रविंद्र रैना ने कहा कि जनता का समर्थन भाजपा को मिल रहा है। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निकले हैं। मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। नौशेरा विधानसभा क्षेत्र जो एलओसी से सटा इलाका है, यहां वोटिंग हो रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की जबरदस्त जीत होगी और हमारी सरकार बनेगी। जीत के बाद मुख्यमंत्री के लिए जो भी चेहरा होगा वो स्वीकार्य होगा।

जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने बुधवार सुबह नौशेरा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद मतदान करने पहुंचे। उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि वह फर्स्ट टाइम वोटर हैं। हम यहां के विकास की बात कर रहे हैं। पिछले समय में भाजपा ने जो विकास किया है, वह स्पष्ट है। जम्मू में भी बहुत विकास हुआ है। हम अपनी आने वाली सरकार से यही उम्मीद करते हैं कि पहले से हुए विकास के साथ-साथ और भी विकास हो। उन्होंने कहा कि अगर हम आतंकवाद की बात करें, तो उस पर भी काफी नियंत्रण हो चुका है। पहले जब हम श्रीनगर जाते थे तो डरते थे। लेकिन आज हम वहां घूमने के लिए भी सुरक्षित तरीके से जा रहे हैं। इस प्रकार, भाजपा ने हमें सुरक्षा प्रदान की है। आने वाले समय में भी हम यही उम्मीद करते हैं कि और विकास होगा और हमें और सुरक्षा मिलेगी।बता दें कि जम्मू कश्मीर में करीब दस साल



बाद चुनाव हो रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को कश्मीर के तीन जिलों की 15 सीट और जम्मू के तीन जिलों की 11 सीट पर वोट डाले जा रहे हैं।

## मानसून विदा होने से पहले कई राज्यों में करेगा झमाझम बारिश

नई दिल्ली। अब मानसून चला चली की बेला में है,लेकिन जाते जाते कई राज्यों में झमाझम बारिश करने के मूड में है।अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार हैं। 28 सितंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी से अति भारी बारिश के आसार हैं। 26 सितंबर को हिमाचल प्रदेश, 26-27 सितंबर को उत्तराखंड, 28 सितंबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश, 27 से 29 सितंबर तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के आसार हैं। अगले 3 दिनों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा में हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि अब तक मॉनसून राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों से विदा हो चुका है। हालांकि, जाते-जाते भी मॉनसून पूर्व से लेकर पश्चिम और दक्षिण से लेकर उत्तर तक राज्यों को बारिश का तोहफा देने वाला है। मौसम विभाग ने इस सप्ताह उत्तर प्रदेश समेत 10 से ज्यादा राज्यों में बारिश की संभावनाएं जताई हैं। 30 सितंबर के पहले जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ से मॉनसून विदा हो सकता है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम में अगले 7 दिनों के दौरान बारिश के आसार हैं। पूर्वोत्तर के भी अधिकांश राज्यों में इस सप्ताह झमाझम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि मध्य भारत के विदर्भ, छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिन और सप्ताह में मध्य प्रदेश में बारिश हो सकती है। 25 से 27 सितंबर के बीच मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 26 सितंबर तक बहुत भारी बारिश की संभावनाएं हैं। मौसम विभाग के अनुसार, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र में 27 सितंबर तक भारी बारिश के आसार हैं। मराठवाड़ा में 25 सितंबर, सौराष्ट्र और कच्छ में 28 सितंबर तक, गुजरात क्षेत्र में 28 सितंबर को भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण भारतीय राज्य केरल, माहे में 25, 29 और 30 सितंबर, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, तेलंगाना, कर्नाटक में 25 सितंबर को भारी बारिश की संभावनाएं हैं।

## राहुल गांधी ने कहा- मोदी सरकार अडानी और अंबानी जैसे अरबपतियों के लिए चलती

जम्मू (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में जनसभा को संबोधित कर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा जम्मू-कश्मीर को वहां के लोग नहीं चलाते हैं, आज जम्मू-कश्मीर को दूसरे राज्य के लोग चलाते हैं...कांग्रेस ने सोचा था कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा वापस मिले और यह सही तरीका होता...लेकिन पहले चुनाव करा दिए...हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा आपको वापस मिले। राहुल गांधी ने कहा आज देश की सरकार अडानी और अंबानी जैसे अरबपतियों के लिए चलती है। जीएसटी एक हथियार है, जिससे जम्मू-कश्मीर के छोटे और मध्यम कारोबार पर हमला किया गया। सच्चाई यही है कि नोटबंदी और गलत जीएसटी ने देश के लाखों बिजनेस खत्म कर दिए। मोदी सरकार ने अडानी-अंबानी जैसे लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है। लेकिन..जम्मू-कश्मीर के किसानों, छोटे व्यापारियों, एजुकेशन लोन लेने वाले युवाओं या अस्पताल में इलाज करवा रहे गरीबों का एक रुपया भी माफ नहीं किया। जब आप बैंक लोन लेकर पैसा वापस नहीं करते, तब आपको जेल में डाल दिया जाता है। वहीं अडानी-अंबानी को और कर्ज दे दिया जाता है। राहुल गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी मेक इन इंडिया की बात करते हैं, लेकिन सारे के सारे कॉन्ट्रैक्ट अडानी को मिल जाते हैंद्य हथियार और ड्रोन इजराइल की कंपनी बनाती है, लेकिन उस पर लेबल अडानी का लगाकर मेक इन इंडिया कहते हैंद्य राहुल ने कहा जम्मू यहां का सेंट्रल हब है.. जो कश्मीर के बिजनेस और प्रोडक्शन को पूरे देश से जोड़ता है। लेकिन बीजेपी सरकार ने इस सेंट्रल हब के रोल को खत्म कर दिया।

## 'मेक इन इंडिया' 10वीं सालगिराह: आंदोलन को सफल बनाने वालों को पीएम ने दी बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मेक इन इंडिया' की 10वीं सालगिराह पर बुधवार को कहा कि इससे कई क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है, क्षमता का निर्माण हुआ है और अर्थव्यवस्था भी मजबूत हुई है।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हम मेक इन इंडिया के दस साल का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जो पिछले दशक के दौरान इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए भरपूर कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया देश को विनिर्माण और नवाचार का पावरहाउस बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान देने वाली बात है कि इन दस सालों में कई क्षेत्रों में निर्यात कैसे बढ़ा है, क्षमता निर्माण हुआ है और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार हरसंभव तरीके से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुधारों में भारत की प्रगति भी जारी रहेगी।



हम सब मिलकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

देश में निर्माण को बढ़ावा देने और संवर्धन के लिए पीएम मोदी ने 25 सितम्बर 2014 को मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य भारत को महत्वपूर्ण निवेश एवं निर्माण, संरचना तथा अभिनव प्रयोगों के वैश्विक केंद्र के रुप में विकसित करना था।

मेक इन इंडिया मुख्यतः निर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है लेकिन इसका उद्देश्य देश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना भी है। इसका दृष्टिकोण निवेश के लिए माहौल बनाना, आधुनिक और कुशल बुनियादी संरचना, विदेशी निवेश के लिए नए क्षेत्रों को खोलना और सरकार और उद्योग के बीच एक साझेदारी का निर्माण करना है।

# देश भर में बीते 6 साल में 813 लोगों की पुलिस मुठभेड़ में मौत, एक हजार से ज्यादा फर्जी मुठभेड़

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से सटे बदलापुर के एक स्कूल में दो स्कूली छात्राओं से रेप का आरोपी अक्षय शिंदे पुलिस के साथ एनकाउंटर में मारा गया। उसी दिन उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में डकैती कांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को भी पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। पुलिस ने दावा किया है कि दोनों आरोपियों ने आत्मरक्षा में पुलिस पर गोली चलाई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। इधर महाराष्ट्र में अक्षय शिंदे का एनकाउंटर होने के बाद से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। आईये एक नजर डालते हैं हालिया मुठभेड़ कार्रवाई पर...




### देश में पहली मुठभेड़

भारत में पहली मुठभेड़ ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। रम्पा आंदोलन के नायक अल्लूरी सीताराम राजू का 1922 में अंग्रेजों ने एनकाउंटर किया। यह आंदोलन राजू ने तत्कालीन मद्रास राज्य में ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंध्र प्रदेश से शुरू किया था।

### सबसे ज्यादा एनकाउंटर तेलंगाना में

1960 के बाद तेलंगाना की मांग जोर पकड़ने लगी। ऐसा कहा जाता है कि आंध्र प्रदेश से अलग तेलंगाना राज्य के निर्माण के लिए आंदोलन के दौरान पुलिस मुठभेड़ों में 3,000 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई।

### उत्तर प्रदेश में 7 साल में कई संदिग्ध मारे गए

कुछ समाचार चैनलों ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल के दौरान राज्य में पुलिस मुठभेड़ों में कई लोगों की मौत हुई है। मीडिया ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में हर 13 दिन में एक एनकाउंटर होता है।

### हर तीन दिन बाद मुठभेड़

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 6 साल में एनकाउंटर में 813 लोगों की मौत हो चुकी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 2016 से 2022 के बीच देश में हर तीन दिन में एक व्यक्ति पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

### अंडरवर्ल्ड कनेक्शन और मुंबई

20वीं सदी में मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, गाजियाबाद शहरों में बड़ी संख्या में मुठभेड़ की खबरें आती थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने अंडरवर्ल्ड कनेक्शन और अवैध हथियार सप्लाई के मामले में एक नामी गैंगस्टर को मुठभेड़ में मार गिराया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि 2002 से 2013 के बीच देश में कई फर्जी एनकाउंटर हुए।

### मुठभेड़ों में 5 गुना वृद्धि

तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया था कि 2016 से 2024 के बीच लंबित मामलों में आरोपियों के एनकाउंटर की दर पांच फीसदी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में मुठभेड़ों की संख्या 25 से बढ़कर 124 हो गयी है। उधर मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि 2002 से 2023 के बीच देश में एक हजार से ज्यादा फर्जी एनकाउंटर किए गए। इसमें उत्तर प्रदेश में 231, राजस्थान में 33, महाराष्ट्र में 31, दिल्ली में 26 तथा आंध्र प्रदेश में 22 आदि फर्जी एनकाउंटर शामिल हैं।

# सरकारी आंकड़ों में मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर एक फीसदी से भी कम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के लिए अच्छी खबर है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में बेरोजगारी दर एक फीसदी से भी कम है, जो देश के सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में से एक है। गुजरात भी इसी श्रेणी में आता है। इसके विपरीत, केरल और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों में युवा बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है। जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि केरल में 15-29 साल के आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 29.9 फीसदी तक है, जिसमें महिलाओं की बेरोजगारी दर 47.1फीसदी और पुरुषों की 19.3फीसदी है।

पीएलएफएस के आंकड़ों के मुताबिक देशभर में 15 साल और उससे ज्यादा आयु वर्ग के लोगों के लिए कुल बेरोजगारी दर 2023-24 में 3.2फीसदी पर स्थिर रही। हालांकि, महिलाओं की बेरोजगारी दर पिछले साल के 2.9फीसदी से बढ़कर 3.2फीसदी हो गई। इसी आयु वर्ग के युवाओं की बेरोजगारी दर 10.2फीसदी पर पहुंच गई, जिसमें महिलाओं की बेरोजगारी दर 11फीसदी और पुरुषों की 9.8फीसदी रही। विशेषज्ञों का कहना है कि




7फीसदी से ज्यादा की आर्थिक वृद्धि दर भी पर्याप्त रोजगार सृजन नहीं कर पा रही है, जिससे नीति निर्माताओं के सामने युवाओं में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश में 15-29 साल के आयु वर्ग में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है, जहां महिलाओं की दर 79.7फीसदी और पुरुषों की 26.2फीसदी दर्ज की गई। इसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप में बेरोजगारी दर 33.6फीसदी रही। इसी तरह, नागालैंड, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में भी उच्च युवा बेरोजगारी दर दर्ज की गई, जबकि गोवा में यह दर 19.1फीसदी थी। सर्वेक्षण के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में कुल युवा बेरोजगारी दर 14.7फीसदी रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 8.5फीसदी से कम थी।

## वन्यजीवों के संरक्षण में मील का पत्थर बनेगा एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरिडोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर बनाया जा रहा एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर न केवल सड़क यात्रा को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि यह वन्यजीवों के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली से देहरादून की यात्रा अब महज 2.5 घंटे में संभव होगी, जिससे यात्रियों को सुविधा के साथ-साथ वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इस अनूठे कॉरिडोर के निर्माण से यह स्पष्ट है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ रखा जा सकता है। यह पहल न केवल भारत के लिए, बल्कि एशिया के लिए भी एक मिसाल पेश यह 12 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक रिजर्व फॉरेस्ट एरिया के बीच स्थित है, जो हाथियों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। इस कॉरिडोर की विशेषता यह है कि इसके तहत जानवरों की



आवाजाही के लिए कई अंडरपास बनाए गए हैं। इनमें से 8 अंडरपास विशेष रूप से जानवरों के लिए सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करेंगे, जिससे मानव-वन्यजीव टकराव को कम किया जा सकेगा।हाथियों के लिए विशेष रूप से 200 मीटर लंबे दो कॉरिडोर बनाए गए हैं, जो आशरोडी से दात काली टेंपल तक जाते हैं। यह कॉरिडोर न केवल हाथियों को सुरक्षित रखने में मदद करेगा, बल्कि इसे गणेशपुर से देहरादून तक बढ़ाया गया है, जिसमें 340 मीटर लंबी एक टनल भी शामिल है। इससे वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी और इंसानों और जानवरों के बीच टकराव के अवसर कम होंगे।इस कॉरिडोर की एक और अनूठी विशेषता है नॉयस बैरियर्स। ये 4 मीटर ऊंची दीवारें पॉलीकॉर्बोनेट से बनी हैं, जो ट्रैफिक के शोर को काफी हद तक सोख लेंगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भले ही भारी वाहन जंगल के पास से गुजरें, लेकिन उनकी आवाज जानवरों तक नहीं पहुंचे। करती है।

# कंगना रनौत का किसान कानूनों को दिए बयान पर मचा बवाल

**-कांग्रेस ने कहा-कौन बढ़ावा दे रहा है? बीजेपी बोली-यह उनकी अपनी राय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की लोकसभा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। कंगना ने भारत के किसानों से जुड़ा बयान दिया है। कंगना का बयान सामने आने के बाद सियासी गरमा गई है। बीजेपी ने कंगना के बयान से किनारा काट लिया है और कहा है कि यह पार्टी का बयान नहीं है। वहीं, अब अलग-अलग पार्टी नेताओं की तरफ से बयानबाजी शुरू हो गई है।

एलजेपी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कंगना के बयान पर कहा कि ये कंगना का पर्सनल बयान हो सकता है, ये उनकी सोच हो सकती है। पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली कांग्रेस चीफ देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि सोचने का सवाल है कि कंगना को कौन बढ़ावा दे रहा है? क्यों पार्टी उनको रोक नहीं रही है? इस महिला ने पहले किसानों को आतंकवादी कहा था। ये किसानों के लिए शर्मनाक बयान देती हैं, इसमें बीजेपी की मौन सहमति है।

जनता दल यूनाइटेड के सीनियर लीडर केसी त्यागी ने कहा कि कंगना का बयान किसानों का अपमान है, बीजेपी को कार्रवाई करनी चाहिए। ये तो पीएम मोदी के फैसले का अपमान है। हम भी इन कृषि कानूनों के खिलाफ थे, हम कंगना के बयान का विरोध करते हैं। बयानबाजी पर तरह-तरह के सवाल उठने के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसान कानूनों पर मेरे विचार निजी हैं और वे उन विधेयकों पर पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। कंगना ने यह बात बीजेपी लीडर गौरव भाटिया के बयान को सोशल मीडिया पर रीपोस्ट करते हुए दिया।

बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कंगना रनौत द्वारा कृषि कानूनों पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार द्वारा वापस लिए गए कृषि बिलों पर बीजेपी सांसद कंगना रनौत का बयान वायरल हो रहा है। मैं यह साफ करना चाहता हूं कि यह बयान उनका निजी है। कंगना बीजेपी की तरफ से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और यह कृषि बिलों पर बीजेपी के नजरिए को नहीं दर्शाता है। हम इस बयान को अस्वीकार करते हैं।

कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर कंगना के बयान वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि किसानों पर लादे गए तीन काले कानून वापस लाने चाहिए। बीजेपी की सांसद कंगना ने ये बात कही। देश के 750 से ज्यादा किसान शहीद हुए, तब जाकर मोदी सरकार की नींद टूटी और ये काले कानून वापस हुए। कांग्रेस ने कहा कि अब बीजेपी सांसद फिर से इन कानून की वापसी का प्लान बना रहे हैं। कांग्रेस किसानों के साथ है। इन काले कानून की वापसी अब कभी नहीं होगी, चाहे नरेंद्र मोदी और उनके सांसद जितना भी जोर लगा लें।

हिमाचल प्रदेश में अपने निर्वाचन क्षेत्र मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि मुझे पता है कि यह बयान विवादास्पद हो सकता है लेकिन तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद इसकी मांग करनी चाहिए।



कंगना ने तर्क दिया कि तीनों कानून किसानों के लिए फायदेमंद थे लेकिन कुछ राज्यों में किसान समूहों के विरोध के कारण सरकार ने उन्हें वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि किसान देश के विकास का एक स्तंभ हैं. मैं उनसे अपील करना चाहती हूं कि वे अपने भले के लिए कानून वापसी की मांग करें।